# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 15 सितंबर 2025

संवत 2082, आश्विन कृष्णपक्ष 9 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 11 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ नरेन्द्र मोदी और कार्यकर्ता निर्माण : संगठन की असली ताकत

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की तू मेरी मैं तेरा ... ◀◀ 6


# हजारीबाग में एक करोड़ के इनामी सहित तीन नक्सलियों का एनकाउंटर,मारा गया सहदेव सोरेन



**संवाददाता**

**हजारीबाग:** झारखंड में चल रहे नक्सल अभियान में पुलिस को बहुत बड़ी सफलता हासिल हुई है. हजारीबाग पुलिस और कोबरा बटालियन के संयुक्त अभियान में एक करोड़ के इनामी सहित तीन नक्सलियों को एनकाउंटर में मार गिराया गया है. पुलिस मुख्यालय सूत्रों के द्वारा तीनों नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि की गई है. हजारीबाग के गोरहर थाना क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई है. सर्च अभियान में तीनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं. साथ ही मौके से तीन एके-47 भी बरामद किए गए **हैं.**

**गोरहर में हुई मुठभेड़ :** मुठभेड़ की घटना हजारीबाग जिले के गोरहर थाना क्षेत्र के पातितिरी के जंगल में हुई है. यह क्षेत्र बोकारो और गिरिडीह जिलों की सीमा से सटा हुआ है. मुठभेड़ कोबरा और हजारीबाग पुलिस की संयुक्त टीम और भाकपा माओवादियों के एक करोड़ इनामी नक्सली सहदेव सोरेन के दस्ते के बीच हुई. जंगली इलाके में अभी भी सुरक्षाबल तलाशी अभियान चला रहे हैं.

माना जा रहा है कि मुठभेड़ में कुछ अन्य नक्सली भी घायल हुए हैं. इस कार्रवाई को झारखंड पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों की एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है. क्योंकि सहदेव सोरेन कई बड़ी घटनाओं में शामिल रहा था और लंबे समय से पुलिस को उसकी तलाश थी. झारखंड पुलिस ने सहदेव सोरेन पर एक करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया था.

**नक्सली हमले में दो जवान घायल :** इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के दो जवान भी घायल हुए हैं, जिन्हें हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए लाया गया है. दोनों जवान खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं. घायल जवान का नाम अजय भौतिक और सुब्रतो विश्वास है, जो 209 कोबरा के जवान है. हथियार के साथ कुछ सामान भी बरामद किया गया है. घायल अजय भौतिक असम का रहने वाला है और सुब्रतो विश्वास बंगाल का रहने वाला है. हजारीबाग एसपी ने बताया कि पूरे क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है.

**कौन-कौन मारा गया**

केंद्रीय कमेटी मेंबर और एक करोड़ का इनामी सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश.

झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी का मेंबर रघुनाथ हेंब्रम, जिस पर 25 लाख इनाम रखा गया था.

कमेटी मेंबर और 10 लाख का इनामी वीर सेन गंझू।

### कलेक्टर को प्रॉपर्टी विवाद पर फैसले लेने का अधिकार नहीं

# वक्फ कानून के कई प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक




**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों पर अंतरिम रोक लगा दी है। अब कलेक्टर को प्रॉपर्टी विवाद पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं होगा। हालांकि, यह रोक तब तक के लिए है, जब तक कि संशोधन की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम निर्णय नहीं हो जाता। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की बेंच ने सोमवार को इस मामले में अंतरिम राहत पर फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को फैसला सुरक्षित रखा था। सोमवार को कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं है, लेकिन कुछ धाराओं पर अंतरिम संरक्षण जरूरी है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा, ₹हमने प्रत्येक धारा को दी गई प्रथम दृष्टया चुनौती पर विचार किया है। हमने पाया कि कानून के संपूर्ण प्रावधानों पर रोक लगाने का कोई मामला नहीं बनता। हालांकि, कुछ धाराओं को संरक्षण दिए जाने की जरूरत है।₹ कोर्ट ने यह भी कहा कि पूर्वधारणा हमेशा कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होती है और हस्तक्षेप सिर्फ दुर्लभतम मामलों में किया जाता है। फैसला देते हुए सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि नए कानून के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा रहे हैं। कोर्ट ने आदेश में कहा कि कलेक्टर को नागरिकों के व्यक्तिगत अधिकारों का निर्णय करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। कलेक्टर को ऐसी शक्तियों से संबंधित प्रावधान पर रोक रहेगी। इसके अलावा, कोर्ट ने फैसला दिया कि वक्फ करने के लिए 5 साल की इस्लाम की प्रैक्टिस करने की अनिवार्यता पर रोक लगाई जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ निकायों में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने के प्रावधान पर भी विचार किया। कोर्ट ने आदेश दिया कि वक्फ बोर्ड में 3 से अधिक गैर-मुस्लिम सदस्य शामिल नहीं किए जाने चाहिए। फिलहाल वक्फ परिषदों में कुल 4 से अधिक गैर-मुस्लिम शामिल नहीं किए जाएंगे।



## पंजाब बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी

**अमृतसर ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने पहुंचे हैं। अमृतसर में गुरु रामदास जी एयरपोर्ट पर कांग्रेस इकाई के नेताओं ने राहुल गांधी का स्वागत किया।

अमृतसर पहुंचने पर राहुल गांधी ने पंजाब कांग्रेस के पूरे नेतृत्व के साथ अमृतसर स्थित गुरुद्वारा श्री समाध बाबा बुड्ढा साहिब जी में मत्था टेका और सभी के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और अन्य नेता भी उपस्थित थे।

राहुल गांधी के स्वागत के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक नवजोत कौर सिद्धू ने कहा, ₹राहुल गांधी हमारे लिए सबसे बड़े नेता हैं। उनका हमेशा एक ही संदेश रहा है कि 'सेवा करो और सेवा करते रहो।' यह एक बहुत ही सकारात्मक सोच है, जो जमीनी स्तर पर लोगों में उम्मीद जगाती है।

राहुल गांधी के दौरे के बीच नवजोत सिंह सिद्धू की गैरमौजूदगी पर उन्होंने कहा, ₹नवजोत सिंह सिद्धू पहले से ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं। जो भी धनराशि आ रही है, उसे सिर्फ जनता की भलाई के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।₹ इस दौरान, नवजोत कौर ने राजनीति से ऊपर उठकर पंजाब के हित में काम करने की अपील की।

पंजाब में बाढ़ को लेकर नवजोत कौर सिद्धू ने राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ₹बाढ़ को लेकर राज्य सरकार की क्या तैयारियां थीं? राज्य में डिजास्टर मैनेजमेंट के दफ्तरों का हाल दिखाएं। सरकार के पास हमेशा एक ही जवाब होता है, पैसे नहीं हैं। यह सोचते हैं कि लोग पैसे इकट्ठे करेंगे और दे देंगे।

इस मौके पर कांग्रेस नेता राज कुमार वेरका ने कहा कि राहुल गांधी का यह दौरा बेहद अहम है। वेरका ने बताया कि राहुल गांधी अजनाला और रमदास समेत गुरदासपुर क्षेत्र में जाकर बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लेंगे। वे देखेंगे कि पंजाब सरकार और केंद्र सरकार ने अब तक क्या कदम उठाए हैं।

कांग्रेस नेता वेरका ने यह भी बताया कि पार्टी अपने राहत कार्यों की समीक्षा करेगी, ताकि जरूरतमंद लोगों तक मदद समय पर पहुंच सके।

# तुर्की को भी सता रहा इजरायली हमले का खौफ, अब तक 6 मुसलमान देशों पर अटैक

**तेल अवीव :** कतर पर बीते सप्ताह इजरायली हमला हुआ था। उस हमले के बाद से ही इस्लामिक देशों में उबाल देखा जा रहा है। आज कतर की राजधानी दोहा में ही 50 मुसलमान देशों के नेताओं का जुटान होना है। यहीं पर इजरायल ने हमले करके हमास के कुछ सीनियर कमांडरों को मार गिराने का दावा किया था। इस हमले को इस्लामिक देशों ने इजरायल की ओर से रेड लाइन पार करने जैसा माना है। ऐसे में मुसलमान देशों की एकजुटता अहम है और माना जा रहा है कि वे अमेरिका पर भी दबाव बनाएंगे कि इजरायल पर कंट्रोल करे वरना चीजें बिगड़ सकती हैं। वहीं एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस इस्लामिक एकता के भी कुछ अलग मायने हैं। यह सिर्फ कतर पर अटैक के चलते नहीं हैं।

दरअसल जानकारों का कहना है कि इजरायल के हमले ने तुर्की को भी आशंकित कर दिया है। इजरायली सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ एयाल जामिर ने पिछले दिनों कहा था कि गाजा से बाहर दूसरे देशों में भी हमास की लीडरशिप रहती है। हम उन्हें वहीं पर टारगेट करेंगे। इसी कड़ी में इजरायल ने कतर की राजधानी दोहा में हमले कर दिए। दोहा वही जगह है, जहां पर हमास से संधि को लेकर वाताओं के आयोजन होते रहे हैं। ऐसे में जब दोहा को इजरायल ने नहीं बख्शा तो तुर्की को भी खुद पर हमले का डर सता रहा है। इसकी वजह है कि तुर्की में भी हमास की लीडरशिप को शरण मिलती रही है।

इजरायल का लंबे समय से आरोप रहा है कि तुर्की में हमास को शरण, पैसा, वैचारिक समर्थन जैसी चीजें मिलती रही हैं। यही कारण है कि तुर्की को अब इजरायल के हमले की चिंता है। माना जा रहा है कि भविष्य में इजरायल कोई और दुस्साहस ना करे। इसीलिए इस्लामिक समिट बुलाई जा रही है। इस समिट पर दुनिया भर की नजरें हैं क्योंकि इसमें पाकिस्तान, सऊदी, तुर्की समेत दुनिया के 50 मुल्क शामिल हो रहे हैं। बीते दो सालों में इजरायल ने यमन, लेबनान, ईरान, सीरिया, फिलिस्तीन और कतर पर हमले किए हैं। इस तरह कुल 6 देशों को वह टारगेट कर चुका है। ऐसे में तुर्की भी खुद को बहुत सुरक्षित नहीं मान सकता।

कतर पर हमला होने के अपने मायने हैं, लेकिन इससे इजरायल के दुस्साहस का भी पता चल गया। कतर में अमेरिकी बेस है और वह बड़ा रणनीतिक सहयोगी है। फिर भी इजरायल की ओर से उसके यहां अटैक करना बताता है कि वह किसी भी कीमत पर जाने को तैयार है। यही तुर्की की चिंता है। वह अमेरिका का सहयोगी है और नाटो का मेंबर है। लेकिन तुर्की की चिंता है कि ऐसी समानताएं तो कतर के साथ भी थीं, फिर भी उस पर हमला हुआ। ऐसे में चिंता है कि आखिर इजरायल तुर्की पर ही ना हमला कर दे। खासतौर पर तब जबकि अर्दोआन के सत्ता में आने के बाद से उसके रिश्ते भी बिगड़े हैं।

## बदल गए यूपीआई के नियम : एनपीसीआई ने पीटूएम लेनदेन पर दैनिक यूपीआई भुगतान सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपए की

**मुंबई :** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) भुगतानों के लिए यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है। यह नई सीमा सोमवार से प्रभावी होगी।

इस कदम का उद्देश्य प्रमुख क्षेत्रों में बड़े भुगतानों को सुगम बनाना और उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों में डिजिटल अपनाने को बढ़ावा देना है। हालांकि, एनपीसीआई ने पर्सन-टू-पर्सन (पी2पी) सीमा को 1 लाख रुपए प्रतिदिन पर बनाए रखा है।

इससे पहले बड़े लेनदेन करने वाले यूजर्स को लिमिट का सामना करना पड़ता था, जिससे उन्हें भुगतान तुकड़ों में या चेक एवं बैंक ट्रांसफर जैसे पारंपरिक तरीकों पर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ता था।

नए फ्रेमवर्क के तहत, कैपिटल मार्केट और इंश्योरेंस पेमेंट के लिए प्रति लेनदेन सीमा 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है, जबकि दैनिक सीमा 10 लाख रुपए है।

सरकारी ई-मार्केटप्लेस लेनदेन की सीमा 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए प्रति लेनदेन कर दी गई है। यात्रा बुकिंग, ऋण चुकौती और ईएमआई संग्रह के लिए प्रति लेनदेन सीमा भी 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है।

क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान के लिए भी एक ही लेनदेन में 5 लाख रुपए तक की अनुमति है, हालांकि 24 घंटे की सीमा 6 लाख रुपए निर्धारित की गई है। ऋण और ईएमआई के लिए यूजर्स अब प्रति लेनदेन 5 लाख रुपए का भुगतान कर सकते हैं, जिससे प्रतिदिन कुल 10 लाख रुपर का भुगतान हो सकेगा। इसके अलावा, आभूषणों की खरीदारी में भी मामूली वृद्धि हुई है, इसके लिए यूपीआई सीमा 1 लाख रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए प्रति लेनदेन और 6 लाख रुपए प्रति दिन कर दी गई है। इसके अतिरिक्त, डिजिटल ऑनबोर्डिंग के माध्यम से सावधि जमा जैसी बैंकिंग सेवाओं की सीमा अब प्रति लेनदेन और प्रति दिन 5 लाख रुपए तक सीमित है, जबकि पहले यह 2 लाख रुपए थी।

## 18 सितंबर तक भारी बारिश की चेतावनी, रांची समेत 16 जिलों के लिए अलर्ट जारी



**रांची :** झारखंड में मौसम का मिजाज बदला हुआ है. बीते कुछ दिनों से विभिन्न क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हो रही है. वहीं राजधानी रांची में भी कल रविवार से लगातार झमाझम बारिश हो रही है. आज सोमवार की सुबह भी अलग-अलग हिस्सों में बारिश हुई. मौसम विभाग ने रांची समेत कुल 16 जिलों में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है. आगामी कुछ दिनों तक राज्य में भारी बारिश की संभावना है.

**18 सितंबर तक भारी बारिश की चेतावनी :** आईएमडी ने पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, रांची, बोकारो, धनबाद, खूंटी और रामगढ़ में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है. आईएमडी के एक अधिकारी ने बताया कि 16 सितंबर को सुबह 8:30 बजे से 18 सितंबर तक कई जिलों में जमकर बारिश होगी.


**राज्य में भारी बारिश की प्रबल संभावना :** रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा कि चक्रवाती हवाओं और ट्रफ लाइन के प्रभाव से राज्य के बड़े हिस्से में तीन दिनों तक भारी से भारी बारिश की प्रबल संभावना है।

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने का आइडिया हेड कोच गंभीर का था : रिपोर्ट

**मुंबई।** एशिया कप 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मुकाबले में कुछ क्षण ऐसे देखने को मिले, जब कप्तान सूर्यकुमार यादव और अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने टॉस और फिर मैच खत्म होने के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। यह आइडिया टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर का था।

टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, "भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच से पहले, मैच के दौरान और मैच के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार करने की योजना बनाई थी। इसके साथ ही, गंभीर ने खिलाड़ियों को अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह की बहसबाजी से बचने को कहा था।"

मैच से पहले खिलाड़ियों को दिए गए गंभीर के संबोधन के एक विशेष विवरण में, रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मुख्य कोच ने खिलाड़ियों को सोशल मीडिया से दूर रहने और मीडिया में मैच के बारे में चल रही सभी चचाओं को नजरअंदाज करने की भी सलाह दी थी।




इस साल अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान जाने के बाद सोशल मीडिया पर इस मैच का बहिष्कार करने की मांगों की बाढ़ आ गई थी।

टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कुछ आलोचकों ने तो खिलाड़ियों को पाकिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरने के लिए 'देशद्रोही' तक कह दिया।

दावा है कि बोर्ड और सरकार की ओर से अनुमति दिए गए मैच में उनकी भागीदारी को लेकर लगातार उठ रहे सवालों से खिलाड़ी बेचैन थे, इसलिए मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच से पहले अपनी टीम को ड्रेसिंग रूम में एक उत्साहवर्धक बातचीत के लिए इकट्ठा किया।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि गंभीर ने टीम को मैच के दौरान और बाद में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नजरअंदाज करने के लिए कहा था।

रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर ने टीम से कहा था, "सोशल मीडिया पर कम समय बिताएं, शोर-शराबा पढ़ना बंद करें। आपका काम भारत के लिए खेलना है। पहलगाम में जो हुआ, उसे मत भूलना। हाथ मत मिलाओ, उलझो मत। बस मैदान पर जाओ, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करो और भारत के लिए जीतो।₹

खिलाड़ियों ने गौतम गंभीर के सुझाव का पालन किया और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस से पहले और बाद में पाकिस्तानी टीम के कप्तान सलमान आगा से हाथ नहीं मिलाया। इस जीत को पहलगाम हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के योगदान को समर्पित किया गया।

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा और मुख्य कोच माइक हेसन बाद में भारतीय ड्रेसिंग रूम में पहुंचे, लेकिन कोई भी खिलाड़ी उनका अभिवादन करने के लिए आगे नहीं आया।

न्यूज IN ब्रीफ



## जीतिया पूजा को लेकर स्वर्ण रेखा नदी में स्नान और पूजा अर्चना

**मुरी :** आज सबेरे से जीतिया पूजा को लेकर श्रद्धालु महिलाओं ने स्वर्ण रेखा नदी में स्नान कर पूजा अर्चना की।इस पूजा में ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं अपने मैके जा कर भी पूजा की। सीमावर्ती क्षेत्रों में झारखंड और बंगाल में पूजा को लेकर नदी के इस पार उस पार थाल, कठौती,बांस के डाला में प्रसाद तैयार करके ईख लेकर नदी पहुंचे। काफी श्रद्धा भक्ति से धाट पर ईष्ट देव को याद करते हुए परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

## तोरपा में जंगली हाथियों का आतंक चुरदाग गांव के लोगों में दहशत



**तोरपा :** प्रखंड के चुरदाग गांव के निवासी इन दिनों जंगली हाथियों के आतंक से परेशान हैं। गांव के पास झाड़ियों में लगभग 12 जंगली हाथियों के एक झुंड ने डेरा जमा लिया है, जिससे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है।

यह घटना फटका पंचायत के अंतर्गत आने वाले चुरदाग गांव की है। रविवार की शाम 5:00 बजे तक यह झुंड वहां मौजूद रहा। हाथियों के आने की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण एकजुट हुए और ट्रैक्टरों की मदद से उन्हें खदेड़कर सुरक्षित वन क्षेत्र की ओर भगाने की पूरी कोशिश की। पूरा दिन इसी प्रयास में बीता, लेकिन ग्रामीणों की सारी मेहनत बेकार साबित हुई और हाथियों का झुंड झाड़ियों में ही डेरा जमाए बैठा रहा।

इस समस्या से निपटने के लिए ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मियों को इस मामले की जानकारी देकर उनसे हाथियों को जंगल की ओर भगाने की गुहार लगाई है। लगातार बढ़ रहे हाथियों के आतंक ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है।

इन जंगली हाथियों के कारण किसानों की मेहनत भी बर्बाद हो रही है। झुंड खेतों में लगी धान की फसलों को रौंद रहा है। साथ ही, गांवों में पहुंचकर ये हाथी लोगों के मकानों को तोड़कर अंदर संग्रहित अनाज को भी नष्ट कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति पर भी असर पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग द्वारा तत्काल कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

## बाइक व स्कॉर्पियो में टक्कर तीन घायल



**खूंटी:** बाइक और स्कॉर्पियो की जोरदार भिड़ंत, इस दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक पर सवार एक बच्चे सहित कुल तीन लोग घायल। इस जोरदार टक्कर में महिंद्रा स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त जबकि हीरो साइन बाइक के परखच्चे उड़े। घटना के बाद घायलों को सदर अस्पताल खूंटी लाया गया जहां से दो लोगों को रांची रेफर किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार आज सबेरे सात बजे के आस पास खूंटी के माहिल जामटोली पुल के समीप एक सड़क हादसा हुआ जिसमें घाघरा के दो लोग आतिश मांझी और आकाश मांझी को गंभीर चोट आई है, जिनकी उम्र लगभग 20 से 22 वर्ष बताई जा रही है। जिनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद पारस अस्पताल रांची भेज दिया गया। साथ ही एक 6 साल के बच्चे को भी मामूली चोट आई है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घायलों के परिजनों ने बताया कि 6 साल के देवांश मांझी का आज स्कूल में टेस्ट एग्जाम था जिसके लिए उनके रिश्तेदार उसे अपने हीरो साइन बाइक में लेकर घाघरा से खूंटी जा रहे थे, इसी कर्म में माहिल जामटोली पुल के पास खूंटी से गानालोया की तरफ जा रही काले रंग की महेंद्र स्कॉर्पियो कर ने काफी तेज गति में आकर जोरदार टक्टर मर दी जिसमें ये घटना हुई है। गंभीर रूप से घायल दोनों लड़कों को रांची के पारस अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया है।

## बज्रपात में एक व्यक्ति की हुई मौत



**चतरा :** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के ढुल्ली बीघा गांव में बारिश के दौरान हुऐ बज्रपात में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान ढुल्ली बीघा गांव निवासी के रूप में की गई। बताया जाता है कि कुलदीप यादव अपने खेत में काम करहा था। इसी दौरान बारिश शुरू हो गई। पानी से बचने के लिए घर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान बज्रपात हुई और उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही हंटरगंज थान पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुवे पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। परिजनों को कहना है कि सरकार के द्वारा जो भी मुआवजा मिलता है इनको मिलना चाहिए और परिजनों का रो रो का बुरा हाल है।

# प्रधानमंत्री देश के लिए नहीं मित्रों के लिए पी रहे हैं जहर: सुप्रियो भट्टाचार्य

संवाददाता

**रांची:** पीएम नरेंद्र मोदी के मणिपुर दौरे को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तीखा प्रहार किया है. झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 29 महीने यानी 870 दिनों तक मणिपुर, हिंसा की आग में जलता रहा, इस दौरान 960 मौतें हुई, हजारों की संख्या में लोगों के घर जले, कुकी और मतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़पों में कई जिंदगियां तबाह हुई लेकिन इन 29 महीनों में, 44 देशों की 1 लाख 70 हजार किलोमीटर की यात्रा करने वाले पीएम मोदी को दिल्ली से इम्फाल तक 1700 किलोमीटर की दूरी तय करने में 870 दिन कैसे लग गए?




झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि प्रधानमंत्री करीब, दो साल बाद हिंसा ग्रस्त मणिपुर दौरे पर गए, जहां कुकी और मतेई समुदाय के बीच हिंसक झड़प चल रही है. झामुमो नेता ने कहा कि दिल्ली से मणिपुर की 1700 किलोमीटर की दूरी तय करने में उन्हें 870 दिन कैसे लग गए? वो भी तब, जब 10,000 से ज्यादा दो समुदाय के लोग हिंसा में जल गए.

जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता ने बताया कि अचानक हम लोगों को भी आश्चर्य हो रहा है कि आखिर प्रधानमंत्री को कैसे मणिपुर की याद आ गई?, जब छानबीन किया गया तो पता चला कि बिहार के बाद मणिपुर में भी चुनाव है, इसलिए प्रधानमंत्री जी को मणिपुर की याद आ गई. चुनाव है वोट लेना है नार्थ ईस्ट स्टेट का इसीलिए प्रधानमंत्री वहां के लोगों के लिए घोषणा पर घोषणा किए जा रहे हैं. झामुमो नेता ने कहा कि 870 दिनों तक मणिपुर जलता रहा और प्रधानमंत्री और उनके मंत्री विदेशों के दौरे में व्यस्त रहे. मणिपुर झांकने तक नहीं गए और अब जब चुनाव नजदीक आ रहे हैं तब झूठी सहुनुभूति और उसी के आधार पर वोट लेने के लिए पीएम अब मणिपुर गए हैं.

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि मणिपुर जातीय हिंसा के लिए बीजेपी की समाज को तोड़ने वाली राजनीति ही मुख्य वजह है. बीजेपी के कई विधायक और मंत्री मणिपुर को बांटने की बात करते हैं क्योंकि इनकी पूरी राजनीति ही समाज को तोड़ने और बांटने की रही है. हमारा प्रदेश झारखंड भी आदिवासी बहुल प्रदेश है लेकिन यहां के मुख्यमंत्री सभी समुदाय को एक साथ लेकर राज्य का विकास कर रहे हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि यहां भी बीजेपी ने समाज को तोड़ने की कई कोशिश की लेकिन वह सफल नहीं हो सके. साथ ही उन्होंने संवाददाता सम्मेलन के दौरान एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के बीच हो रहे मैच को लेकर तंज भी कसा. जेएमएम नेता ने पीएम मोदी के असम में दिए उस बयान का जिक्र किया जिसमें पीएम मोदी ने कहा था कि ₹वह शिवभक्त हैं और जहर पी रहे हैं₹ झामुमो नेता ने कहा कि पीएम देश के लिए नहीं अपने मित्रों के लिए जहर पी रहे हैं।

### गोड्डा दौरे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक रामचंद्र भूटिया

## केंद्र और भाजपा पर लगाया बड़ा आरोप



संवाददाता

**गोड्डा:** कांग्रेस के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक पूर्व सांसद रामचंद्र भूटिया ने गोड्डा में केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी गलत नीतियों की वजह से बेरोजगारी बढ़ी है। वही जो छोटे छोटे मजदूर है उन्हें दिहाड़ी भी काफी कम 300-350 रपये मिलते हैं, जिस कारण वे पलायन के लिए मजबूर होते है।

वहीं उन्होंने कहा कि गोड्डा में सिल्क का बड़ा कारोबार है लेकिन इससे जुड़े बुनकर के हालात अच्छे नहीं हैं। उन्हें कम आय में काम करना पड़ता है इस कारण वे काम छोड़ने पर मजबूर होते हैं।

दरअसल रामचंद्र भूटिया पिछले आठ दिनों से गोड्डा जिला का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि वे लगभग 5000 पार्टी कार्यकर्त्ता से मिलकर उनसे रायशुमारी की। जिसका मुख्य उद्देश्य जिला अध्यक्ष पद के योग्य व्यक्ति का चयन करना शामिल है। साथ कहा कि पहले ये डेलीगेट मेंबर द्वारा ये चयन होता था मगर अब राहुल गांधी के मिर्देश पर पर्यवेक्षक अब पूरे हफ्ते जिलों रहकर रायशुमारी के बाद अंतिम निर्णय लेंगे।

गोड्डा में जिला अध्यक्ष पद के लिए कुल 17 लोग दौड़ में शामिल हैं। इन्ही में जिलाध्यक्ष का चयन होना है। इस मौके पर मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद फुरकाम अंसारी के आलावा पूर्व विधायक राजेश रंजन मौजूद रहे।

## चंद आदिवासी नेता सुर्खियों में बने रहने के लिए दे रहे विवादास्पद बयान : धनपति महतो

संवाददाता

**सिल्ली :** समाजसेवी धनपति महतो ने 20 सितंबर को कुर्मी को एसटी में शामिल करने को लेकर रेल रोको आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा है कि चंद आदिवासी जमीन दलाल नेता कुड़मी समुदाय का ऐतिहासिक पृष्ठभूमि जाने बिना कुड़मी समुदाय को अजज बनने के दावे पर आपत्ति जता रहे है। उन्हें मालूम होना चाहिए कि कुड़मी समुदाय छोटानागपुर के प्राचीन कृषि समुदायों में से एक है और प्रकृति पूजक हैं। देश नियम कानून और संविधान से चल रहा है और भारतीय संविधान में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने का मौलिक अधिकार हर समुदाय को है। जो मुख्य रूप से अनुच्छेद 19 के तहत आता है। रही बात कुड़मी समुदाय की मांगों का तो क्या ये विरोध करने वाले चंद नेता लोग देंगे क्या, इसमें निर्णय तो केंद्र सरकार को लेना है। श्री महतो ने आगे कहा की कुछ आदिवासी नेता राजनीतिक की इस दौड़ में विवादास्पद बयान देकर सुर्खियां में बने रहना चाहते है। उन्हें पता होना चाहिए कि कुड़मी समुदाय का देश की आजादी और अलग झारखंड बनने में इस समुदाय का अग्रणी योगदान रहा है।



## तुको एवर ग्रीन दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने बलराम सिंह

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के तुको में इस वर्ष प्रत्येक साल की भांति दुर्गा पूजा धूमधाम से आयोजित की जाएगी। तुको दुर्गा मंदिर प्रांगण तुको के सभी श्रद्धालु भक्तों के द्वारा पूजा आयोजन समिति का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से बलराम सिंह को एवर ग्रीन दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष चुन लिया गया । वहीं समिति में उपाध्यक्ष के रूप में बिरन लाल, गोलु ,सचिव के रुप में संदीप लाल, उपसचिव सचिन लाल, अमृत साहु , कोषाध्यक्ष के रूप में रूपेश साहु एवं राजा लाल ,उपकोषाध्यक्ष आकाश साहु, एवं उज्जवल कुमार तथा संरक्षक के रूप में सतीश सिंह, श्याम प्रसाद गुप्ता, सुशील साहु, मोनु सिंह, भागवत ताम्रकार, शंकर साहु, शंभु बैठा, उमेश लाल, बालकिशुन मोची, सुधीर लाल, आदित्य ताम्रकार, प्रदीप लाल, अश्विनी कुमार, अभिषेक सिंह, यज्ञ कुमार, चिकु कुमार, श्रवण लाल, विक्की ठाकुर, उदय बबन शिशु शिवम अखिल रिशव ओम कुमार सहित अन्य लोगों को पूजा व्यवस्था के कार्यसमिति का सदस्य बनाया गया।

## लापुंग में जीवित्पुत्रिका जिउतिया पर्व मनाया गया

### माताओं ने अपने संतानों के दीघार्यु होने के लिए निर्जला उपवास रखा

बेड़ो : लापुंग प्रखंड मे लापुंग में सबसे बड़े पर्व के रूप में जीवित्पुत्रिका जिऊतिया पर्व मनाया गया। तीन दिनों के व्रत एवं एकदिवसीय निर्जला उपवास कर पुत्र की दीघार्यु होने एवं उनकी खुशहाली की कामना कर महिलाओं ने विधिवत पूजा अर्चना की। कुछ महिलाए जितिया पेड़ के नीचे चील और सियार की कहानी सुनीं। जितिया में सज धज कर महिलाओं ने अपने पुत्र एवं पुत्रियों की खुशहाली के लिए जितिया की डाली को गांव के पाहन के द्वारा आंगन में गाड़ कर विधि पूर्वक पूजा पंडित के द्वारा चील और सियार दो सगी बहन की कहानी कथा के रुप में दोनों बहन में चिल्ह का बच्चा था दूसरा सियार का बच्चा नहीं था जिससे सियार को उससे जलन होने की कथा सुनाई गई। सियार के द्वारा अपनी ही बहन के सभी बेटे को मार देती है। आठों अंग को अलग अलग पोटली मे बांध कर बहन ( चिल्ह )को भेज देती है तभी चमत्कारिक तरीके से सभी बच्चे पुनः जीवित हो जाती है। बहन के घर भेजी गई बच्चों का शरीर का टुकड़ा और सभी आठ तरह की पोटली से सब्जी निकलती है। बहन से सियार पूछती हैं तुम कौन सा व्रत करती है जो तुम्हारा मृत बच्चे जीवित हो जाते है तब चिल्ह बताती है मै जीवित्पुत्रिका व्रत करती हूं। इसे पारंपरिक रूप से आठ तरह की सब्जियों को प्रसाद के रुप में चढ़ाया जाता है साथ में रक्षा सूत्र (गंडा) सहित विभिन्न प्रकार के फलों, खीरा व गुड़ से बनी ठेकुआ को प्रसाद के रूप में चढ़ाया गया। पारण के साथ माताएं सोमवार को अपना व्रत तोड़ेंगी। दोलैचा में पुजारी राजकुमार पाठक, डिम्बा गांव में छेदू दास, ककरिया में रामशंकर पाठक सुरेश देवघरिया, सीताराम पाठक, राजेश पाठक, देवगांव व नावाटोली में तुलसीदास गोस्वामी, डाड़ी, फतेहपुर, हुलसु, महुगांव लालगंज , बड़काकुरा, पबीरा, कातिंगकेला के अलावे अन्य गांवों में भी अलग-अलग पुजारियों ने अलग-अलग जितिया पूजा करवाए। सोमवार की सुबह विभिन्न जलाशयों में या सड़क के किनारे जितिया डालियों का विसर्जन किया जाएगा उसके उपरांत स्नान कर गंडा पारन कर महिलाएं अपना व्रत तोड़ेगी। वहीं दूसरी ओर आदिवासी गांवों में भी जितिया के दिन करम पूजा की डाली गाड़ कर पूजा करना शुरू किया। सोमवार शाम में नदी या तलाब में करम डाली भी विसर्जित की जाएगी। लापुंग प्रखंड में अलग-अलग दिनों में जितिया करम का पर्व मनाया जाता है।

## असंगठित मजदूरों के लिए अब एक करोड़ रूपए की दुर्घटना बीमा योजना

**खलारी :** खलारी भूतनगर में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। अध्यक्षता मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने की। बैठक में झारखंड दौरे पर आए केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी द्वारा की गई ऐतिहासिक घोषणा का स्वागत किया गया। कोयला मंत्री ने असंगठित क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों के लिए एक करोड़ रूपए. की दुर्घटना बीमा योजना की घोषणा की है। जिस घोषणा को लेकर मजदूरों में काफी उत्साह व खुशी है। अब्दुल्ला अंसारी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की यह घोषणा असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए एक बड़ी राहत है। लंबे समय से इस वर्ग को सामाजिक सुरक्षा की छतरी से वंचित रखा गया था। अब उन्हें भी दुर्घटना के समय आर्थिक सहायता मिलेगी, जो एक बड़ा बदलाव है। उन्होंने आगे कहा कि यह बीमा योजना न सिर्फ मजदूरों को आत्मविश्वास देगी, बल्कि उनके परिवारों के लिए भी एक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करेगी। सभी ने एक सुर में इस बीमा योजना का समर्थन किया और आशा जताई कि भविष्य में भी केंद्र सरकार मजदूरों के हित में ऐसे कदम उठाती रहेगी। बैठक का समापन मजदूर हितों की रक्षा के संकल्प के साथ किया गया। बैठक में सुनील सिंह, सोनू पांडेय, सलामत अंसारी, अशोक सिंह, कृष्ण सिंह, अमजद खान, अफजाल अंसारी, मिथुन राणा, वेद प्रकाश पांडेय, अनिल शाह, मैनुद्दीन अंसारी, मनोज कुमार, अजय चौहान, धर्मेंद्र चौहान, राकेश कुमार, चंदन कुमार, विजय कुमार सहित काफी संख्या में मजदूर व सामाजिक कार्यकताओं उपस्थिति थे।

## 11 नवंबर को दिल्ली में आयोजित धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे आदिवासी संगठन के लोग

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के लकडाफ ाडा.स्थित आवासीय विद्यालय के पास आदिवासी संगठनों की बैठक पांच पड़हा के अध्यक्ष सुखदेव उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कुर्मी जाति को अनुसूचित जनजाति बनने के आंदोलन का विरोध करने और कुर्मी जाति को किसी भी हालत में आदिवासी का दर्जा न मिलने के लिए आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक जुट होकर लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया। इस बैठक के दौरान बतौर मुख्य अतिथि ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य नारायण उरांव मौके पर मौजूद थे। इस मौके पर आदिवासी संगठनों ने सरना कोड की मांग को लेकर 11 नवंबर को दिल्ली में आयोजित धरना प्रदर्शन में भाग लेने का निर्णय लिया । इस मौके पर सुखदेव उरांव ने कहा कि आदिवासियों को हर हालत में एक जुट रहना होगा। जब हम एकजुट होंगे तो हमारा आंदोलन भी सफल होगा और हमारा मकसद भी पूरा होगा। इसलिए हर हालत में एकजुटता ही हमारी प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान 21 पड़हा के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कच्छप, सुखदेव उरांव, दिघिया के मन्ना खेश, तुको के जीवन उरांव, तेतरटोली के अमित उरांव, जयमंगल उरांव, टेरो के संजू उरांव, बुधनाथ उरांव, चारो उरांव, सुरेश उरांव, कजरू उरांव, जितिया उरांव, विनय उरांव, तुलसी उरांव, बंदे उरांव, मनोज उरांव सहित कई लोगों ने संबोधित किया। मौके पर सैकड़ो आदिवासी युवक मौके पर मौजूद थे।

## खेलो इंडिया ईस्ट जोन तीरंदाजी टूनार्मेंट

**सिल्ली।** खेलो इंडिया ईस्ट जोन तीरंदाजी टूनार्मेंट पटना में आयोजित किया गया था जिसमें सिल्ली तीरंदाजी केंद्र की सलोनी उरांव चौथे स्थान पर रही। ज्ञात हो की 11 सितंबर से 14 सितंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में सिल्ली के तीरंदाजों ने भाग लिया था वहीं चौथे स्थान प्राप्त करने पर पांच हजार रुपए का चेक देकर सम्मानित किया गया। इस कोच के रूप में श्वेता पांडेय ,शिशिर महतो और रोहित कोइरी मौजूद थे। बिरसा मुंडा तिरंदाजी के अध्यक्ष नेहा महतो एवं संरक्षण के सुदेश कुमार महतो ने जीत हासिल करने पर सभी तीरंदाजी टीमों को बधाई दिया।

# बेड़ो पुलिस ने ईमानदारी का परिचय देने वाले छह लोगों को किया सम्मानित

### पुलिस इंस्पेक्टर ने नौजवानों की सराहना की

संवाददाता

**बेड़ो :** बेड़ो के पुलिस इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय ने रविवार को थाना में मानवता की रक्षा के अग्रणी भूमिका निभानेवाले पुलिस पदाधिकारियों, ग्रामीणों, दुकानदारों व बढ़ई मिस्त्री को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। ज्ञात हो कि गत शुक्रवार को बैंक ऑफ इंडिया शाखा बेड़ो में खेलने के क्रम में एक दो साल की बच्ची प्रिस्का मुंडा पिता सोमरा मुंडा का सिर कांच के दरवाजे पर फंस गया था। सूचना मिलते ही बेड़ो थाना के एएसआई भानू प्रसाद रजक बदल बल पहुंचे। पुलिस की तत्परता से बढ़ई मिस्त्री अजय कुमार व अरविंद कुमार को बुलाया गया। इसके बाद मिस्त्री ने प्लाई को काटकर कांच दरवाजे पर फंसी बच्ची को सुरक्षित बाहर निकालने में सराहनीय योगदान दिया था। जहां पुलिस की तत्परता व दोनों युवकों के सहयोग से मासूम बच्ची की जान बच गई। वहीं रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना के पुरना पानी गांव दिवाकर ढाबा के समीप शनिवार को करीब ग्यारह बजे गुमला से रांची जाने के क्रम में खड़िया पड़ा गुमला निवासी मोहम्मद सागर आलम का ब्राउन रंग का लैदर बैग सड़क पर गिर गया था। बैग में नगद 25 हजार रुपए,एक लैपटॉप व मोबाइल समेत अन्य कीमती सामान थे। जिसे ईटाचिल्द्री निवासी लाल कमलेश नाथ शाहदेव की प्रेरणा एवं सुझाव से प्रेरित होकर राहगीर सह भरनो गुमला निवासी दुकानदारों में क्रमशः सुजीत कुमार,सरोज प्रजापति, आजाद खान व मलगो भरनो निवासी सह शरीक आलम व आरपीएफ के जवान कृष्णा उरांव ने मानवता का परिचय देते हुए बेड़ो पुलिस को सौंप दिया था। इसके बाद पुलिस से सूचना पाकर बेड़ो थाना पहुंचे बैग के मालिक को पुलिस ने इसे सौंप दिया। जहां बैग के मिलने से उनका खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बैग के सभी सामानों व नगद राशि के मिलने पर उन्होंने पुलिस व समाजसेवियों की सराहना किया। इधर थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान की प्रेरणा से इन दोनों घटनाओं में मानवता को अक्षुण्ण बनाए रखने में अहम योगदान देने वाले पुलिस पदाधिकारी व समाजसेवियों को पुलिस निरीक्षक उत्तम कुमार उपाध्याय ने बेड़ो थाना परिसर में शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं मौके पर एसआई अनिल टोप्पो, एएसआई अक्षय कुमार सिंह, विमलेश चौधरी, भानु प्रसाद रजक आदि मौजूद थे।

न्यूज IN ब्रीफ

## दशहरा पर झारखंडमें पूर्ण रूप से शराबबंदी लागू किया जाए : विजय शंकर नायक



**रांची :** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने राज्य के मुख्यमंत्री/ मंत्री मध निषेध एंव उत्पाद विभाग/ मुख्य सचिव झारखंड को ई मेल भेजकर कही । इन्होने आगे कहा कि आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच राज्य के सभी समुदायों के हितों की रक्षा हेतु निरंतर संघर्षरत है । हमारा मंच हमेशा से सामाजिक सद्भाव, सांस्कृतिक संरक्षण एवं नैतिक मूल्यों की मजबूती के लिए कार्य करता आ रहा है। दशहरा पर्व, जो विजयादशमी के रूप में जाना जाता है, झारखंड मे दशहरा पर्व पवित्र एवं महत्वपूर्ण उत्सव है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है तथा इसमें अष्टमी, नवमी एवं दशमी तिथियां विशेष रूप से धार्मिक अनुष्ठानों, सामूहिक पूजा-अर्चना एवं पारिवारिक एवम सामाजिक एकता से जुड़ी होती हैं। किंतु, विगत वर्षों में दशहरा पर्व के दौरान शराब की दुकानों को खोलने की अनुमति प्रदान करने से राज्य में गंभीर सामाजिक हानि उत्पन्न हुई है। यह न केवल पर्व की पवित्रता को कलंकित करता है, अपितु समाज के विभिन्न स्तरों पर विनाशकारी प्रभाव डालता है। दशहरा पर्व के दौरान शराब की आसानी से उपलब्धता से झगड़े, मारपीट एवं साम्प्रदायिक हिंसा की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे समाज पर विशेष प्रभाव पड़ता है।

श्री नायक ने आगे कहा कि इस संदर्भ मे मैं आपलोग से कड़ाई से अनुरोध/मांग करता हूं कि दशहरा पर्व 2025 के अष्टमी ,नवमी एवं दशमी पर पूरे झारखंड राज्य में शराब की दुकानों, बार एवं अन्य स्थानों पर पूर्ण शराबबंदी लागू की जाए। सभी संबंधित विभागों को सख्त निर्देश जारी करें तथा उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। यह कदम न केवल सामाजिक हानि को रोकेगा, अपितु राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को मजबूत करेगा। आपके सकारात्मक एवं त्वरित कार्यवाही की आशा करता हूं।

## टीबी अस्पताल में मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराएंगे : स्वास्थ्य मंत्री



**रांची :** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला की समस्या मेरे संज्ञान में है, जल्द ही आरोग्यशाला में विजिट कर समस्याओं की जानकारी ली जाएगी और जमीनी स्तर से आरोग्यशाला का विकास किया जाएगा। वहीं स्वास्थ्य सेवा के सभी संसाधन उपलब्ध कराने के बाद टीबी मरीजों की भर्ती का दायरा बढ़ाया जाएगा। वे रविवार को लोहरदगा में आयोजित मोमिन कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम से लौटने के क्रम में इटकी मोड़ स्थित रौनक रेस्टोरेंट में हिन्दुस्तान के पत्रकार से हुई वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि कांके में विश्व स्तरीय अस्पताल बनाने जा रहे हैं, परंतु भाजपा वाले स्वास्थ्य सेवा में किए जा रहे विकास का विरोध करने में जुटे हैं।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि विकास कार्य का विरोध नहीं करें। काके में विश्व स्तरीय अस्पताल के निर्माण से रिम्स के बोझ में कमी आएगी। वहीं रांची सहित राज्य के अन्य जिले के लोगों को एक उच्चस्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि विरोध ही करना है तो आइए मिलकर झारखंड से अन्य राज्यों में भेजे जा रहे कोयला जैसी खनिज संपदा का विरोध करें और राज्य को समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में ले जाने का काम करें। मौके पर प्रदेश युवा कांग्रेस को-ऑर्डिनेटर अरीफ रजा आदि मौजूद थे।

## एमबीए प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित, आदित्य भास्कर बने टॉपर

**रांची :** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा आयोजित एमबीए प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया गया। यह परीक्षा तीन चरणों–लिखित परीक्षा, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार–के माध्यम से संपन्न हुई। पारदर्शी और सुसंगठित प्रक्रिया के चलते उसी दिन परिणाम जारी कर दिए गए। इस आयोजन में आईटी प्रभारी डॉ. इंदर नाथ साहू का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा।

इस वर्ष की प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आदित्य भास्कर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शीर्ष पर अपना स्थान सुरक्षित किया। फ्रांसिस मरांडी ने दूसरा तथा सोनम सिंह ने तीसरा स्थान हासिल कर अपनी मेहनत और प्रबंधन कौशल का प्रदर्शन किया।

परीक्षा आयोजन और मूल्यांकन कार्य स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के निदेशक डॉ. जी. सी. बास्की, एमबीए समन्वयक डॉ. शालिनी लाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुची संतोष बरवार तथा आईटी प्रभारी डॉ. इंदर नाथ साहू के पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसके अलावा विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए पाँच बाहरी विशेषज्ञों तथा डीएसपीएमयू के कुछ आंतरिक शिक्षकों ने भी चयन प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई।

## साहित्य संस्कृति मंच की गोष्ठी 5 अक्टूबर को

**रांची :** झारखंड हिन्दी साहित्य संस्कृति मंच की कार्यकारिणी की बैठक में शारदीय नवरात्र को देखते हुए 25 सितम्बर को हनुमान सरावगी के जन्मदिवस पर होनेवाली काव्यगोष्ठी को स्थगित 5 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक विनय सरावगी, सचिव बिनोद सिंह गहरवार, कोषाध्यक्ष कृष्णा विश्वकर्मा ह्यबादलह्न, कार्यकारिणी सदस्य असित कुमार, डॉ सुरिन्दर कौर ह्यनीलमह्न, डॉ गीता सिन्हा ह्यगीतांजलिह्न, कामेश्वर कुमार सिंह ह्यकामेशह्न, मुक्ति शाहदेव संयोजिका ममता मनीष सिन्हा शामिल उपस्थित थे।

## टीम तुलसी पटेल ने रामगढ़, गुमला और लोहरदगा के व्यवसायियों से मांगा समर्थन

**रांची :** झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल ने रामगढ़, गुमला एवं लोहरदगा के व्यवसायियों से संपर्क साधा। टीम के सदस्यों ने रामगढ़ चैंबर के सदस्यों के संग बैठक की और चैंबर के हित में उठाए जाने वाले कदम की जानकारी दी। अपनी चुनावी एजेंडा का साझा करते हुए रामगढ़ चैंबर के सदस्यों से समर्थन मांगा। वहीं, टीम ने गुमला एवं लोहरदगा जिले का दौरा कर सदस्यों से मुलाकात की और अपने पक्ष में मतदान करने आग्रह किया।

अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तुलसी पटेल ने कहा कि झारखंड के व्यापारी और उद्योगपति राज्य की आर्थिक प्रगति की रीढ़ हैं। हमारी टीम का दायित्व है कि वह उनकी समस्याओं के समाधान और व्यापारिक माहौल को बेहतर बनाने के लिए ठोस पहल करे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि टीम तुलसी पटेल व्यापारी समाज की आवाज को न केवल मजबूती से उठाएगी बल्कि उसे परिणाम तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स सिर्फ एक संस्था नहीं है, बल्कि यह राज्य के लाखों व्यापारियों और उद्योगपतियों की आवाज और शक्ति है। आज हम सब यहां एक संकल्प लेकर खड़े हैं कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान सिर्फ चर्चा तक सीमित न रहे, बल्कि उसका ठोस हल निकले।

# रांची जिला दुर्गा पूजा सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न, नई कार्यकारिणी की हुई घोषणा

संवाददाता



**रांची** :राजस्थान मित्र मंडल दुर्गा पूजा समिति सेवा सदन परिसर में रविवार को राँची जिला युवा दुर्गा पूजा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी दुर्गोत्सव को सुचारू रूप से संपन्न कराने और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान इस वर्ष की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

बैठक में प्रमुख निर्णय

बैठक में समिति के मुख्य संरक्षक मुनचुन राय, मुख्य संयोजक अशोक पुरोहित, संरक्षक राहुल अग्रवाल, आलोक साहू, शशांक राज, सुजीत सिंह एवं शशिकांत तिवारी सहित कई वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

मुख्य संरक्षक मुनचुन राय ने कहा कि समिति की स्थापना का उद्देश्य जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जब बड़े पूजा समितियों में अत्यधिक भीड़ हो जाती है, तब सुरक्षा समिति के स्वयंसेवक प्रशासन के सहयोगी बनकर अपना योगदान देंगे।

समिति के संयोजक अशोक पुरोहित ने भरोसा जताया कि इस बार भी सदस्य निःस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह समिति समाजसेवा और अनुशासन का उदाहरण प्रस्तुत करती है।

**नई कार्यकारिणी की घोषणा**

समिति के पदाधिकारी राहुल चौधरी, शशांक राज और आलोक साहू ने संयुक्त रूप से नई कार्यकारिणी की घोषणा की और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

**मुख्य संरक्षक :** मुनचुन राय
**मुख्य संयोजक :** अशोक पुरोहित
**संरक्षक मंडल :** राहुल अग्रवाल, आलोक साहू, शशांक राज, सुजीत सिंह, शशिकांत तिवारी, संदीप गुप्ता
**अध्यक्ष :** कृष्णा मिश्रा
**उपाध्यक्ष :** रवि अग्रवाल, शुभम पुरोहित
**सचिव :** अमित वर्मा
**कोषाध्यक्ष :** दीपक गुप्ता
**महामंत्री :** निशान्त चौहान
**मंत्री :** अमित अग्रवाल
**मिडिया प्रभारी :** साजन कुमार


जागरूकता और अनुशासन पर विशेष ध्यान

समिति के अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा ने कहा कि इस बार दुर्गोत्सव के दौरान शराबबंदी को लेकर सख्ती बरती जाएगी। समिति श्रद्धालुओं से अपील करेगी कि पूजा के दौरान चारपहिया वाहनों का उपयोग न करें, जिससे जाम की समस्या से बचा जा सके। इसके लिए सुरक्षा समिति द्वारा जागरूकता मार्च भी निकाला जाएगा। इसके अलावा, सभी बड़े पूजा पंडालों में मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी ताकि आकस्मिक स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके।

बैठक में समिति के नितीश मिश्र, विपुल मिश्र, भावेश शर्मा, विकास साव, गुड्डू सिंह, कुशाग्र सिंह, भूषण कुमार, अमित अग्रवाल, ऋषभ सिंह, आकाश शर्मा, अंकित सोनी, शुभम सोनी, रवि अग्रवाल, निशान्त चौहान, शुभम दूबे, रोबिन कुमार, राहुल सिंह, राजीव सिंह, सुमित सोनी, विकास कुमार, अभिषेक सिंह, संतोष साहू, मनीष केशरी, आलोक कुमार, हेलो कुमार, पंकज राणा, वृंदा बर्णवाल, रवि शंकर, गौरव कुमार, अमन कुमार, अभिमन्यु आनंद, अजय कुमार, किशन मोदी, कमल मोदी, रवि सिंह और कृष्णा वर्मा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### कोकर दुगार्पूजा एचबी रोड की नयी कमेटी का गठन

## सर्वसम्मति से चंचल चटर्जी को फिर से कमेटी का अध्यक्ष चुने गये



संवाददाता

**रांची।** रांची के कोकर दुगार्पूजा एचबी रोड स्थित चंचल कंप्लेक्स में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को दुगार्पूजा के सफल आयोजन के लिए नयी कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मत्ति से चंचल चटर्जी को फिर से कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। इसमें मुख्य संरक्षक राजेश जयसवाल, पीएन सिंह, अलोक मित्रा, संजीव विजयवर्गीय, उमेश राय, ज्योतिमय बसाक है। संरक्षक प्रमोद सिंघानिया, कृष्ण कुमार शर्मा, प्रकाश चक्रवर्ती, दिपक मित्रा, बिरेंद्र प्रसाद, उत्तम दुबे, शुशील केसरी, शुशील कुमार मोहता, अशोक सिंह, युपी चटर्जी, गौतम चटर्जी, प्रिय रंजन सहाय, राम प्रसाद वर्मा, कमलेश शर्मा, अजय अग्रवाल, अर्जुन गिरी, सुभाष महतो, प्रेम राणा, अनील अग्रवाल, अजय वर्मण, कुंदन ठाकुर, विकास विजयवर्गीय, चुन्नू सिंह, राजीव नन्दी, संतोष प्रसाद, केके दयाल, राज सिन्हा, मुन्ना यादव, छोटू वर्मा, राजेश महतो, आशीष जयसवाल, दिनेश विजयवर्गीय,कुमार सिंह, विकास सिन्हा , कन्हैया झा, रंजन पाठक, तीवारी, जयप्रकाश को बनाया गया। वरीय कार्यकारी अध्यक्ष नीरज कुमार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष कौशल गांधी, विक्की सिंह, चंदन राय, कुणाल विजयवर्गीय है। कोर कमेटी में राकेश सिंह, अरुण गुप्ता, हरि जयसवाल टिंकू झा, सन्नी जयसवाल, नीरज तीवारी, जोय घोटक, महेश प्रसाद, तुषार भटाचार्य, राजीव बनर्जी, नीरज भटाचार्य, अशोक आमीन, संतोष शर्मा, शुवाष यादव, कृष्णा प्रकाश, सुदीप राय, बसंत मोहता, किसलय कुमार, दिलीप यादव है। वरीय उपाध्यक्ष जितेंद्र जयसवाल, बंटी सिंह, धिरज सिंह, राजू सिंह, अशीष कुमार यादव, इंदर ठाकुर, राहुल, गोगा साहू, अमित कर्मकार, चंदन पांडेय, मनोज पांडेय, सचिन पांडेय, शिव पासवान, नन्द किशोर राम, राजेश पासवान, रंजीत पासवान, बीकू बोस, राजन पासवान, मनोज पासवान है। उपाध्यक्ष शुभम सिंह, विपीण सिंह, ऐके महतो, अंकित वर्मण, लड्डू, हर्ष, पवन, सोनू कुमार, गोविंद विश्वकर्मा, मिकू, गोपी, सुधांसु यादव, अमित कुमार, राजेश कुमार, जितु सिंह, सतीश सिंह, सतीश सुमन, कैलाश पंडित, बैजनाथ प्रसाद, सुरज साहू, दुर्गेश झा, हिमांशु, रोहित सिंह, सुमीत सिंह है। कोषाध्यक्ष सानु सरकार, प्रधान महासचिव दिपक राय। संगठन मंत्री केके वर्मा, पुजा पंडाल कमेटी दुधनाथ सिंह, राजेश वर्मा, बसंत कर्मकार, वषिशट सिंह, गोपाल सिंह, कृष्णा रजक, गोपाल दत्त, राजू यादव, प्रसाद वितरण प्रभारी अमित सिंह, बिट्टू सिंह, गुड्डू सोनी, सनमून चटर्जी, सरगम चटर्जी, पूजा प्रभारी कृष्ण कुमार शर्मा, धर्मेंद्र चौधरी, राजू झा, मिडिया प्रभारी रोहित सिंह, मनोरंजन सिंह, धिरज सिंह, दिलीप सिंह है। सोशलमीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह, पिंटू प्रसाद है। महासचिव अंशु रजाक, रोहित रंजन, विपीण कुमार, विजय कुमार, नीरज गुप्ता, रंजीत कुमार शर्मा, गोवर्धन प्रसाद, मनीष यादव, शुभम तीवारी, उतकर्ष सिंह, रोहित कुमार, यश वर्मा हो बनाया गया है।




## कुड़मियों के एसटी सूची में शामिल करने का विरोध

**रांची।** कुड़मियों-कुरमियों को आदिवासी सूची में शामिल करने की मांग पर रविवार को रांची में आदिवासी संगठनों ने जोरदार ढंग से विरोध दर्ज कराया। विरोध स्वरूप मोरहाबादी मैदान से हरमू बाइपास-अरगोड़ा चौक-बिरसा चौक और हिनू होते हुए मेन रोड-अलबर्ट एक्का चौक तक मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। आयोजन आदिवासी अस्तित्व बचाओ मोर्चा ने किया, जबकि अगुवाई केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने की। उन्होंने कहा कि कुरमी समुदाय फर्जी तरीके से आदिवासी बनकर आरक्षण पर कब्जा करना चाहता है। कुरमी समुदाय मुख्यधारा के हिंदू रीति-रिवाज को अपनाता है। किसी भी हालत में कुरमियों को आदिवासी बनने नहीं देंगे। यदि कुरमी समाज रेल रोककर दबाव बनाता है तो आदिवासी समाज हवाई जहाज रोककर अपना विरोध दर्ज कराएंगा। आदिवासी क्षेत्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि कुरमी समाज जबरन आदिवासी बनने की साजिश कर रहा है। अलबिन लकड़ा ने कहा कि आदिवासी जन्म से आदिवासी होता है, किसी को जबरन बनाने से आदिवासी नहीं हो सकता। राहुल उरांव ने कहा कि कुड़मियों का सामाजिक-सांस्कृतिक-धार्मिक ढांचा मुंडा, संताल, उरांव जैसे आदिवासियों से अलग है। कुरमियों की मांग को टीआरआई ने भी नकार दिया है। प्रवीण कच्छप ने कहा कि आदिवासियों को एकजुट होकर कुरमियों का विरोध करना चाहिए। उनकी मांग नाजायज है, जबकि वे खुद को शिवाजी का वंशज बोलते हैं। मौके पर रूपचंद केवट, बिगलाहा उरांव, सुभानी तिग्गा, गैना कच्छप, अमित गाड़ी, उतवा उरांव, मनीष तिर्की, नवीन तिर्की, कैलाश तिर्की, मनोज उरांव, सूरज टोप्पो सहित अन्य मौजूद थे। इन संगठनों का रहा सहयोग केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी विस्थापित मोर्चा, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, सरना आदिवासी जनकल्याण, जेसीवाईए, एआईसीएमए सहित अन्य।

## झारखंड आधी आबादी को हक देने में आगे : कल्पना



**रांची :** आंध्र प्रदेश के पावन तीर्थ तिरुपति में आयोजित दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय संसदीय और विधायी समितियों के महिला सशक्तीकरण सम्मेलन में झारखंड ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की। राज्य की ओर से गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने प्रतिनिधित्व किया। इस सम्मेलन में देश भर से आए गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कल्पना सोरेन ने सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संवेदनशील नेतृत्व में आधी आबादी को उनके हक-अधिकार, सशक्तिकरण और सम्मान देने का कार्य तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की महिलाएं हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक और प्रभावी परिवर्तनों की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि देश की समस्त महिलाएं सशक्त हो सकें। उन्होंने आदिवासी समाज के दर्शन को उद्धृत करते हुए कहा कि पेड़ अपने तने से नहीं, बल्कि जड़ों से मजबूत होता है। उन्होंने महिलाओं को भारत की जड़ें बताते हुए जोर दिया कि शिक्षा, सम्मानपूर्ण जीवन, आर्थिक स्वतंत्रता और अवसरों के माध्यम से यदि आधी आबादी को पोषित किया जाए तो भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरेगा। सम्मेलन में महिला सशक्तीकरण के लिए नीतिगत और सामाजिक बदलावों पर विचार-विमर्श हुआ।

## सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा की कोशिश को किया नाकाम : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से भारत निर्वाचन आयोग को आधार कार्ड की मान्यता को लेकर दिए गए आदेश के बाद से भाजपा पूरी तरह से बौखला गई है। सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा की कोशिश को पूरी तरह से नाकाम कर दिया है। जिस तरह से बिहार में बड़ी संख्या में मतदाताओं का नाम किसी वैध प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं करने के कारण हटाने की कोशिश की जा रही थी, उन सभी को अब बड़ी राहत मिली है। हर गरीब तबके के लोगों के पास आधार कार्ड उपलब्ध है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि जिस तरह से निशिकांत दूबे आधार कार्ड की मान्यता को लेकर खिल्ली उड़ा रहे हैं तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि यदि आधार कार्ड में इतनी कमियां हैं तो भाजपा की केंद्र सरकार इसे हर जगह लिंक क्यों करवा रही है। बैंक के साथ, पैन के साथ, ड्राइविंग लाइसेंस के साथ और पासपोर्ट के साथ लिंक क्यों करवाया जा रहा है।

# पदक जीत कर लौटी झारखंड टीम का जोरदार स्वागत



संवाददाता

**रांची :** केरल के कोच्चि में आयोजित राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2025 में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का मान बढ़ाया। टीम ने प्रतियोगिता में एक रजत पदक सहित कुल दो पदक जीतकर इतिहास रच दिया।

आज टीम के रांची रेलवे स्टेशन पहुंचने पर झारखंड जिम्नास्टिक संघ के पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों के परिजनों एवं खेल प्रेमियों ने फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। पूरे स्टेशन पर ह्लझारखंड जिम्नास्टिक जिंदाबादह्व और ह्लझारखंड के खिलाड़ी झ देश का अभिमानह्व जैसे नारों से गूंज उठा। झारखंड जिम्नास्टिक संघ के महासचिव निशिकांत पाठक ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा झ्ह्लयह सफलता पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। हमारे खिलाड़ियों ने कठिन मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण से यह उपलब्धि हासिल की है। आने वाले समय में हम और बेहतर तैयारी कर झारखंड को स्वर्ण पदक दिलाने का प्रयास करेंगे

संघ की उपाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा झ्ह्लहमारी बेटियां और बेटे राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का परचम लहरा रहे हैं। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी को भी प्रेरणा देगी।ह्वसंघ के प्रशासनिक सचिव डॉ दीपक साहु ने कहा झ्ह्लपदक विजेता खिलाड़ियों की मेहनत और कोचों का मार्गदर्शन सराहनीय है। संघ हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़ा है और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।पदक विजेता खिलाड़ियों ने अपनी सफलता का श्रेय प्रशिक्षकों और झारखंड जिम्नास्टिक संघ को दिया तथा राज्यवासियों से मिले समर्थन और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। यह उपलब्धि झारखंड राज्य के लिए न केवल गर्व का विषय है, बल्कि इससे प्रदेश में जिम्नास्टिक खेल के विकास को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी।

इस अवसर पर निदेशक युवा कार्य एवं खेल विभाग श्री शेखर जमुआर,झारखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष आरके आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक, झारखंड जिम्नास्टिक संघ के संरक्षक एवं रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) अजीत कुमार सिन्हा, अध्यक्ष रंजन कुमार,उपाध्यक्ष तूलिका श्रीवास्तव, प्रशासनिक सचिव डॉ. दीपक साहु, राजीव रंजन, संयुक्त सचिव लक्ष्मण सिंह बिष्ट,कोषाध्यक्ष गोविंद झा, शशिकांत पांडे, मुक्ति लता खेस, प्रमोद कुमार, उत्तम राज, सरोज यादव, रंजना रंजन तथा रांची के जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, ने खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी।

## सुविचार

सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।

## लोकतंत्रः दुनिया की सबसे अच्छी शासन व्यवस्था

आज विश्व में लोकतंत्र सबसे अच्छी शासन व्यवस्था है, जिसमें व्यक्ति को शासन में भागीदारी करने का मौका मिलता है। अन्तरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस हर वर्ष 15 सितम्बर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इसकी स्थापना 2007 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से पारित एक प्रस्ताव के माध्यम से की गई थी। इसका मुख्य लक्ष्य लोकतंत्र को मजबूत और सुदृढ़ बनाना है। लोकतंत्र का तात्पर्य जनता के शासन से माना जाता है, जिसमें जनता शासन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी निभाती है। अब्राहम लिंकन के अनुसार लोकतंत्र ह्य जनता का, जनता द्वारा और जनता के लिए शासन है ।ह्न उन्होंने लोकतंत्र को केवल एक राजनीतिक प्रणाली के रूप में नहीं, बल्कि एक ऐसे शासन के रूप देखा जो समानता और स्वतंत्रता के आदर्शों पर आधारित है । ब्रिटिश राजनीतिक दार्शनिक जॉन स्टुअर्ट मिल का मानना था कि लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था ही सबसे अच्छी है। लेकिन, सच्चा प्रजातंत्र तो वह है, जिसमें सभी नागरिक प्रत्यक्ष रीति से शासन कार्य में भाग लेते हैं, किन्तु यह प्रयोग संभव नहीं है। वर्तमान दौर में बड़े-बड़े देशों में प्रत्यक्ष प्रजातंत्र चलना संभव नहीं है। लोकतंत्र में सर्वोत्म शासन अप्रत्यक्ष प्रजातंत्र या प्रतिनिधिमूलक शासन ही होना चाहिए । यद्यपि यह लोकतंत्र व्यवस्था पूर्णतया दोषमुक्त नहीं है, लेकिन फिर भी उसको अच्छा बनाया जा सकता है।

लोकतंत्र का जन्म यूनान में हुआ है। ईसा से लगभग सात-आठ सौ वर्ष पूर्व यूनानी सभ्यता विकसित हो चुकी थी। यहां सैकड़ों जनसमूह भिन्न-भिन्न घाटियों में जीवन व्यतीत करते थे। ऐसे जनसमूहों के प्रदेशों को नगर राज्य कहा जाता था। यहां के लोगों ने राजनीतिक संगठन कायम किए। नगर राज्य में ग्रामीण एक-दूसरे से पृथक रहकर भी सामुदायिक जीवन व्यतीत करते थे। इनके सामुदायिक हित भी समान रूप से थे। यूनान के एथेंस में प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था थी। यहां के सभी नागरिक एक्लीजिया नामक परिषद में इकट्ठे होकर नगर में शासन व्यवस्था चलाने पर विचार-विमर्श किया करते थे और वहां के सभी नागरिकों को शासन में भागीदारी निभाने का बारी-बारी से मौका मिलता था। 461-629 ई.पू. में एथेंस की प्रत्यक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था उन्नति के शिखर पर विराजमान थी। इस नगर का भू-भाग लगभग 1000 वर्ग मील था। इसकी जनसंख्या लगभग 3-4 लाख के मध्य थी। प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. रोमिला थापर कहती है कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था के गुण वैदिक काल और 600 ईसवी पूर्व में ही मिलने लगे थे। वर्तमान दौर की संसद की तरह प्राचीन समय में परिषदों का निर्माण किया गया था, जो वर्तमान संसदीय व्यवस्था मिलता -जुलता है। ऐसा अनुमान है कि वैदिककालीन ह्यसभा ह्न जन (कबीला) के वृद्ध लोगों की परिषद रही होगी और समिति सारे जन की एक सामान्य परिषद होगी। जिस कबिला में निर्वाचित राजा नहीं होता था, ये परिषदें, सरकार के कर्तव्यों और अधिकारों का निर्वहन करती थीं। लगभग 600 ई.पू. हिमालय की तलहटियों में, उनके कुछ दक्षिण और आधुनिक पंजाब में प्रजातंत्र राज्य बसे हुए थे, जबकि भारत के राजतंत्र गंगा के मैदानों में केन्द्रित थे। राजतंत्रों की अपेक्षा प्रजातंत्र व्यक्तिवादी और स्वतंत्र मत के कम विरोधी थे और आगे चलकर महत्वपूर्ण सामाजिक और धार्मिक रूढ़िमुक्तता का रूप धारण करने वाले दो सम्प्रदायों के नेता प्रजातंत्रों में ही उत्पन्न हुए थे। बुद्ध का सम्बंध शाक्य जन और जैन मत के संस्थापक महावीर का यांत्रिक जन से था। जब भारत देश को स्वतंत्रता मिली सभी ने लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था अपनाने पर जोर दिया। भारत में 75 साल से लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था बनी हुई है। लेकिन दुर्भाग्य है कि हाल ही के वर्षों में हमारे दो पड़ोसी मुल्कों में लोकतांत्रिक सरकारों के खिलाफ कुछ युवाओं ने हिंसात्मक आन्दोलन करके सरकारों को बेदखल कर दिया। राजनीतिक चिंतक डॉ. धर्मवीर चंदेल कहते हैं कि दुनिया में लोकतंत्र ही अच्छी शासन व्यवस्था है, लेकिन चुनी हुई सरकारों को जनता के हितों के लिए काम करना चाहिए। बहरहाल,यह कह सकते हैं कि लोकतांत्रिक सरकारें भी अपने देश में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और आर्थिक खाई पर लगाम लगाने का प्रयास करें नहीं तो आज का युवा चुनी हुई सरकारों के खिलाफ हो सकता है। दो राय नहीं कि लोकतांत्रिक व्यवस्था दुनिया की सबसे अच्छी शासन व्यवस्था साबित होती रही है।

## मणिपुर पर मरहम

लंबे समय तक अशांत रहे मणिपुर के मुद्दे पर अकसर विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जाते। अब वह प्रतीक्षित यात्रा हकीकत बनी है। कहा जा सकता है कि संघर्षरत राज्य की जनता के बीच विश्वास की कमी को दूर करने का यह सार्थक प्रयास जरूरी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर को शांति और समृद्धि का प्रतीक बनाने का संकल्प जताया है। लेकिन मौजूदा चुनौतीपूर्ण स्थिति सरकार के संकल्प की परीक्षा लेगी। हालांकि,लगभग ढाई साल पहले भड़की जातीय हिंसा हाल के महीनों में, खासकर फरवरी में राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद कम हो गई है। लेकिन भविष्य में हिंसा की आशंका को निर्मूल नहीं कहा जा सकता है। ऐसी दशा में इस संवेदनशील राज्य में केंद्र सरकार को सामान्य स्थिति की बहाली और दीर्घकालिक शांति स्थापना के लिये हर संभव प्रयास करने चाहिए। दरअसल,राज्य में स्थायी शांति के मार्ग में जो एक सबसे बड़ी बाधा है, वह है पर्वतीय इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय और घाटी में रहने वाले बहुसंख्यक मैतेई समुदाय के लोगों के बीच लगातार कम होता विश्वास। ऐसे में सरकार का दायित्व बनता है कि दोनों समुदायों की आकांक्षाओं में संतुलन बनाए। ताकि दोनों समुदायों की चिंता और शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा सके। विगत में मैतेई समुदाय के लोग अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिये जाने की मांग करते रहे हैं। यह एक ऐसा विवादास्पद मुद्दा था, जिसने कुकी-जो समुदाय के लोगों में असुरक्षा व अशांति पैदा कर दी। जिसे दूर किए जाने की सख्त जरूरत है। दरअसल, हाल के हिंसक संघर्ष ने राज्य में मतभेदों को मनभेद में बदल दिया है। कुकी-जो विधायकों के एक समूह, जिसमें भाजपा के भी सात विधायक शामिल हैं, ने कहा है कि ह्यदोनों पक्ष केवल अच्छे पड़ोसियों के रूप में शांति से रह सकते हैं,लेकिन फिर कभी एक छत के नीचे नहीं। उनकी मांग रही है कि गैर-मैतेई समुदायों के लिये अलग विधायिका सहित अलग केंद्रशासित प्रदेश बनाया जाए। यह सोच दोनों समुदायों के बीच गहरे मतभेद को उजागर करती है, जिसने मणिपुर को गहरी क्षति पहुंचायी है। इस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा चुनाव होने में अभी डेढ़ साल बाकी है। राज्य में हिंसा की पुनरावृत्ति रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार पर है ताकि विधानसभा चुनाव में देरी न हो। केंद्र सरकार को विधानसभा को लंबे समय तक निलंबित रखने के फायदे और नुकसान का भी आकलन करना होगा। लेकिन फिलहाल, प्राथमिकता के आधार पर ध्यान विस्थापित परिवारों के पुनर्वास पर देने की जरूरत है। उससे भी महत्वपूर्ण, राज्य में सक्रिय चरमपंथी समूहों के लोगों को हथियार डालने के लिये प्रोत्साहित करने की जरूरत है। विकास परियोजनाओं पर काम जल्दी शुरू करने तथा उनके क्रियान्वयन में तेजी लाने से भी मणिपुर के लोगों का विश्वास हासिल करने में मदद मिलेगी। ऐसे तमाम प्रयास मणिपुर के आहत लोगों की विश्वास बहाली में मददगार साबित हो सकते हैं। निस्संदेह, इस बार केंद्र सरकार की तरफ से कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

# मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया: आधुनिक भारत के विश्वकर्मा और विकास के अग्रदूत

**इंजीनियर अपनी कुशलता से विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों को गति प्रदान कर देश को समृद्ध और विकसित बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य तथा देश के विकास में इंजीनियरों के महत्वपूर्ण योगदान के चलते ही भारत आज इंजीनियरिंग तथा आईटी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश है।**

**योगेश कुमार गोयल**

इंजीनियरिंग अब एक बेहद विस्तृत क्षेत्र है। वर्तमान समय में देश में कई महत्वपूर्ण विषयों में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कराई जाती है। प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को भारत में इंजीनियर्स डे(अभियंता दिवस) मनाया जाता है और आज के समय में अभियंता दिवस मनाने का उद्देश्य भारत में विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में आने के लिए प्रेरित करना भी है। इंजीनियर अपनी कुशलता से विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों को गति प्रदान कर देश को समृद्ध और विकसित बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य तथा देश के विकास में इंजीनियरों के महत्वपूर्ण योगदान के चलते ही भारत आज इंजीनियरिंग तथा आईटी के क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी देश है। सही मायनों में देश के विकास के धुरी इंजीनियर ही हैं, जिनका देश के विकास में सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है। दरअसल, आपदा प्रबंधन से लेकर निर्माण तक कोई भी कार्य इंजीनियरों के बिना सम्पन्न नहीं हो सकता। मानव जीवन में रचनात्मक बदलाव का श्रेय इंजीनियरों को ही जाता है। देश की आजादी के बाद प्रतिभावान इंजीनियरों ने नए भारत के निर्माण तथा विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शहरों तथा गांवों के समग्र विकास के लिए सड़कों, पुलों, सिंचाई जलाशयों सहित अधोसंरचना के निर्माण के लिए निरंतर कार्य हो रहे हैं। देश में प्रतिवर्ष अभियंता दिवस इसीलिए मनाया जाता है ताकि देशभर के इंजीनियरों को प्रोत्साहित किया जा सके और हमारे इंजीनियर अपने ज्ञान और कौशल की बदौलत देश को तरक्की की नई राह पर आगे ले जाएं। इंजीनियरिंग के बारे में अमेरिका के जाने-माने इंजीनियर हेनरी पेट्रोस्की ने कहा था कि विज्ञान का अर्थ है जानना जबकि इंजीनियरिंग का अर्थ है करना अथवा करके दिखाना। भारत के महान अभियंता और भारत रत्न से सम्मानित मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को ही भारत में इंजीनियर्स डे के रूप में मनाया जाता है, जो वास्तव में अभियंताओं का संकल्प दिवस माना जाता है। इस वर्ष यह दिवस ह्यडीप टेक और इंजीनियरिंग उत्कृष्टताः भारत के टेकएड को आगे बढ़ानाह्न थीम के साथ मनाया जा रहा है, जो भारत की तकनीकी यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ रही है। भारत के महान इंजीनियरों में से एक मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया द्वारा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दिया गया असाधारण योगदान अविस्मरणीय है, जिन्हें भारतीय सिविल इंजीनियरिंग का जनक तथा आधुनिक भारत का विश्वककर्मा भी कहा जाता है। देशभर में बने कई नदियों के बांधों और पुलों को सफल बनाने के पीछे कर्नाटक में मैसूर के कोलार जिले में 15 सितम्बर 1860 को जन्मे विश्वेश्वरैया का बहुत बड़ा योगदान रहा। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने देश में मैसूर में कृष्णाराज सागर बांध, पुणे के खड़कवासला जलाशय में बांध, ग्वालियर में तिगरा बांध इत्यादि कई महत्वपूर्ण बांध बनवाए। हैदराबाद शहर को बनाने का पूरा श्रेय भी ह्यफादर ऑफ मॉडर्न मैसूर स्टेटह्न कहे जाने वाले विश्वेश्वरैया को ही जाता है। दरअसल मैसूर सरकार के साथ मिलकर उन्होंने मैसूर संदल ऑयल एंड सोप फैक्टरी, मैसूर आयरन एंड स्टील फैक्ट्री, मैसूर चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, विश्वेश्वरैया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, परजीवी प्रयोगशाला, श्री जयचमराजेंद्र पॉलीटेक्निक संस्थान, बैंगलोर एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, सेंचुरी क्लब इत्यादि कई फैक्ट्रियों और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करवाई थी। विश्वेश्वरैया द्वारा शुरू की गई बहुत सी परियोजनाओं के कारण देश आज गर्व का अनुभव करता है। उन्होंने एक बाढ़ सुरक्षा प्रणाली तैयार की थी, जिसके बाद वे देशभर में विख्यात हो गए थे। विशाखापत्तनम बंदरगाह की समुद्री कटाव से सुरक्षा के लिए एक प्रणाली विकसित करने में भी उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। घर-घर में प्राकृतिक जल स्त्रोतों से पानी पहुंचाने की व्यवस्था करने के अलावा गंदे पानी की निकासी के लिए नाली-नालों की समुचित व्यवस्था भी विश्वेश्वरैया ने ही की थी। तिरुमला और तिरुपति के बीच सड़क निर्माण के लिए योजना को अपनाने में उन्होंने बड़ी भूमिका निभाई थी। उनके इन प्रयासों ने ही आधुनिक भारत की रचना करने के साथ देश को एक नया रूप भी प्रदान किया। 1955 में उन्हें सर्वोच्च भारतीय सम्मान ह्यभारत रत्नह्न से सम्मानित किया गया। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एम विश्वेश्वरैया के उल्लेखनीय योगदान के मद्देनजर वर्ष 1968 में उनकी जन्मतिथि को भारत सरकार द्वारा ह्यअभियंता दिवसह्न घोषित किया गया। तभी से प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को अभियंता दिवस मनाया जाता है। विश्वेश्वरैया की जयंती पर मनाया जाने वाला यह दिवस वास्तव में देश के विकास में योगदान देने और देश का मान बढ़ाने वाले इंजीनियरों के सम्मान में समर्पित होता है। शुरूआती पढ़ाई मैसूर में करने के बाद विश्वेश्वरैया ने 1881 में मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज से बीए की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग के लिए दाखिला लिया। 1883 की एल.सी.ई. और एफ.सी.ई. परीक्षा में उन्होंने प्रथम स्थान हासिल किया और उनकी योग्यता को देखते बॉम्बे सरकार ने उन्हें नासिक में सहायक अभियंता के पद पर नियुक्त किया। एक इंजीनियर के रूप में उसके बाद उन्होंने अनेक अद्भुत कार्यों को अंजाम दिया। विश्वेश्वरैया एक आदर्शवादी और अनुशासन प्रिय व्यक्ति थे, जो अपने हर कार्य को परफैक्शन के साथ करते थे। 92 वर्ष की आयु में भी वे बिना किसी सहारे के चलते थे और सामाजिक तौर पर सक्रिय रहते थे। कोई भाषण देने से पहले वे स्वयं उसे लिखते थे और फिर कई बार उसका अभ्यास करते थे। अपनी योग्यता से उन्होंने बड़े-बड़े ब्रिटिश इंजीनियरों के समक्ष भी अपनी योग्यता और प्रतिभा का लोहा मनवाया। 1905 में उन्हें ब्रिटिश शासन द्वारा ह्यकमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द इंडियन एंपायरह्न से सम्मानित किया गया था। विश्वेश्वरैया वर्ष 1912 से 1918 तक मैसूर के 19वें दीवान रहे। 1903 में विश्वेश्वरैया ने पुणे के खड़कवासला जलाशय में ऐसा बांध बनवाया, जिसमें इस्पात के ऐसे दरवाजे थे, जो बाढ़ के दबाब को भी झेल सकते थे और इससे बांध को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता था। उस बांध की सफलता के बाद उन्होंने ग्वालियर में तिगरा बांध भी बनवाया। 1932 में कावेरी नदी पर बने कृष्णा राज सागर बांध के निर्माण परियोजना में वे चीफ इंजीनियर थे। हालांकि उस बांध के निर्माण का कार्य बेहद कठिन कार्य था क्योंकि उस समय देश में सीमेंट का उत्पादन नहीं होता था लेकिन दृढ़ इरादों के धनी विश्वेश्वरैया ने इंजीनियरों के साथ मिलकर सीमेंट से कहीं ज्यादा मजबूत ह्यमोर्टारह्न तैयार किया और उससे उस बांध का निर्माण कराया, जिसमें कावेरी, हेमावती और लक्ष्मण तीर्थ नदियां आपस में मिलती है। उस समय इस बांध को एशिया का सबसे बड़ा बांध कहा जाता था। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में ऐसे ही अद्भुत कार्यों के कारण विश्वेश्वरैया के जन्मदिन को उन्हें सम्मान प्रदान करने के उद्देश्य से अभियंता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 14 अप्रैल 1962 को 101 वर्ष की आयु में विश्वेश्वरैया का निधन बेंगलुरू में हुआ। भारत में जहां प्रतिवर्ष 15 सितम्बर को अभियंता दिवस मनाया जाता है, वहीं कई अन्य देशों में भी यह दिवस अलग-अलग अवसरों पर मनाया जाता है। यह दिवस ईरान में 24 फरवरी, बेल्जियम में 20 मार्च, आइसलैंड में 10 अप्रैल, बांग्लादेश में 7 मई, पेरू में 8 जून, इटली में 15 जून, अर्जेंटीना में 16 जून, मैक्सिको में 1 जुलाई, कोलम्बिया में 17 अगस्त, रोमानिया में 14 सितम्बर और तुर्की में 5 दिसम्बर को मनाया जाता है। वैसे भारत सहित सभी देशों में इस दिवस के आयोजन का मूल उद्देश्य अपने देश के इंजीनियरों के प्रति सम्मान व्यक्त करना तथा उनके कार्य की सराहना करना ही है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# नरेन्द्र मोदी और कार्यकर्ता निर्माण : संगठन की असली ताकत

**नरेन्द्र मोदी ने हमेशा कार्यकताओं को संगठन का हृदय माना और उन्हें तैयार करना, प्रशिक्षित करना और सशक्त बनाना अपने प्राथमिक कार्यों में रखा। उनका मानना था कि संगठन केवल ढाँचा नहीं है, बल्कि उस ढांचे में कार्यकताओं की क्षमता, अनुशासन और समर्पण ही असली ताकत हैं। नरेन्द्र मोदी आरएसएस के प्रचारक बने 1970 के शुरूआती दौर में।**

**बीएल संतोष**

संगठन की शक्ति वहीं खिलती है, जहाँ कार्यकर्ता तपस्वी बनकर खड़े होते हैं। यही दर्शन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवन यात्रा और उनके सामाजिक-सांगठनिक दृष्टिकोण का मूल मंत्र रहा है। नरेन्द्र मोदी ने हमेशा कार्यकताओं को संगठन का हृदय माना और उन्हें तैयार करना, प्रशिक्षित करना और सशक्त बनाना अपने प्राथमिक कार्यों में रखा। उनका मानना था कि संगठन केवल ढाँचा नहीं है, बल्कि उस ढांचे में कार्यकताओं की क्षमता, अनुशासन और समर्पण ही असली ताकत हैं। नरेन्द्र मोदी आरएसएस के प्रचारक बने 1970 के शुरूआती दौर में। 1977 में आपातकाल के बाद, जब वे विभाग प्रचारक के रूप में एक कुशल संगठनकर्ता बनकर उभरे, तब उनकी कार्यशैली का मुख्य आधार कार्यकर्ता निर्माण रहा। 1980 के दशक में गुजरात में संगठन का विस्तार बहुत सीमित था। उस समय किसी एक तालुका में शाखा स्थापित करना भी बड़ी उपलब्धि मानी जाती थी। लेकिन युवा नरेन्द्र मोदी की दृष्टि अलग थी। उनका मानना था-ह्नहर गाँव में शाखा होनी चाहिए।ह्न इसके लिए वह हर शाखा की जिम्मेदारी एक कार्यकर्ता को देते और समय-समय पर उसकी प्रगति की जानकारी लेते। कौन मुख्य शिक्षक है, क्या गतिविधियाँ हुईं, कौन शाखा में अनुपस्थित रहा और क्यों-इन सब विवरणों पर बारीकी से ध्यान रखा जाता। संघ के 60 वर्ष पूरे होने पर 1985 में कर्णावती (अहमदाबाद) में एक विशाल शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में लगभग 5000 कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। शिविर की पूर्व तैयारी में मोदी गाँव-गाँव जाकर युवाओं से संपर्क करते और उन्हें गणवेश खरीदने को प्रेरित करते। परिणामस्वरूप, सैकड़ों नए युवा न केवल शिविर में पहुँचे बल्कि संगठन से स्थायी रूप से जुड़ भी गए। इसने गुजरात संघ में एक नई ऊर्जा डालने का काम किया, और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के निर्माण की भी शुरूआत हुई। मोदी कार्यकर्ताओं को योजनाबद्ध और व्यवस्थित रूप से काम करना सिखाते थे। उदाहरण के लिए, 1980 के दशक की शुरूआत में राजकोट के पी.डी. मालवीय कॉलेज में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में भाग लेने वाले कार्यकर्ता अभी भी याद करते हैं कि उन्होंने स्थानीय लोगों से सर्वे कर संगठन की छवि समझने और परिणामों को सांख्यिकीय विधियों के माध्यम से प्रस्तुत करने का नया प्रयोग कराया। यह केवल सीख ही नहीं, बल्कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक तरीकों और योजनाबद्ध सोच का संदेश भी था। नरेन्द्र मोदी कार्यकर्ताओं को आचरण और शिष्टाचार के व्यावहारिक उदाहरणों से प्रेरित करते थे। छोटी आदतें, जैसे सुव्यवस्थित रहना, दरवाजा खटखटाकर प्रवेश करना, घरवालों का आत्मीयता से कुशल-क्षेम पूछना-यह सब उन्हें जिम्मेदार और सम्मानित कार्यकर्ता बनाते थे। उनके प्रशिक्षण से कार्यकर्ता न केवल संगठन के सदस्य बने, बल्कि समाज में आदर्श प्रतिनिधि भी बने। मोदी कठिन परिस्थितियों एवं दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं के समय कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को व्यक्तिगत नैतिक सहयोग दिया करते थे, जिसे अनेक कार्यकर्ता आज भी उन्हें कृतज्ञता के साथ याद करते हैं। 1987 में भाजपा गुजरात के संगठन मंत्री बनकर उन्होंने यही कार्यकर्ता निर्माण राजनीतिक क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के लिए भी करना शुरू किया। 1980 के दशक में गुजरात भाजपा के संगठन पर्व के माध्यम से हजारों नए कार्यकर्ता संगठन से जुड़े। अनुशासन और जवाबदेही मोदी की कार्यशैली का मूल था। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सबक दिया कि अनुशासन, समर्पण और जवाबदेही संगठन की मजबूती की नींव हैं। वे खुद बैठकों में एक मिनट भी देर नहीं करते थे और अगर कोई देर से आता, तो उन्हें बाहर रहकर बैठक में भाग लेने को कहते थे। मोदी ने संगठन में सामाजिक संतुलन और चुनावी रणनीति दोनों में नई दिशा दी। पदाधिकारियों के चयन में सामाजिक संतुलन सुनिश्चित की और 1987 के अहमदाबाद नगर निगम चुनावों में ह्नबूथ जीतोह्न रणनीति से कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय और लक्ष्य केंद्रित बनाया। साथ ही मोदी व्यक्तिगत आचरण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को आत्मविश्वास और क्षमता बढ़ाते थे। पहली बार पार्टी में शामिल हुए कार्यकर्ता को उन्होंने भरोसा दिलाया और बूथ संगठन, सदस्यता विवरण और सामूहिकता के महत्व की व्याख्या विस्तार से करते थे। परिणामस्वरूप केवल कुछ महीनों में लाखों नए सदस्य जुड़े और मजबूत कार्यकर्ता खड़े हुए।। भाजपा संगठन मंत्री रहते हुए उन्होंने ह्नटिफिन बैठकह्न जैसी पहल से कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों को संगठन से भावनात्मक रूप से जोड़ा। संगठन निर्माण में मोदी केवल ढाँचे और रणनीति तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संवेदनशील और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता बनने की शिक्षा दी। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को कनिष्ठों के साथ सहयोग और जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। आलोचना पर संतुलित प्रतिक्रिया और प्रशंसा पर संयम, ये सब मोदी की कार्यकर्ता-निर्माण की मूल रणनीति का हिस्सा थे। नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण स्पष्ट था-संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओं में है। अनुशासन, समर्पण और सेवा की भावना से भरे ऐसे कार्यकर्ता किसी भी परिस्थिति में राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हैं। यही कारण है कि आज संगठन केवल राजनीतिक शक्ति नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक चेतना बन चुका है। मोदी की कार्यकर्ता-निर्माण की यात्रा आने वाली पीढ़ियों के लिए यह संदेश देती है कि यदि जड़ों को सींचा जाए, तो शाखाएँ अपने आप फलती-फूलती हैं और वृक्ष युगों तक अडिग खड़ा रहता है।

**(लेखक भारतीय जानता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हैं)**

# महादेव के वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग का अनोखा इतिहास

झारखंड के देवघर में भगवान शिव का पवित्र और भव्य मंदिर स्थित है। हर साल सावन के महीने में यहां पर श्रावण मेला लगता है। इस दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। वहीं सुल्तानगंज से पवित्र गंगा का जल लेकर श्रद्धालु करीब 100 किमी तक कांवड़ उठाकर भोलेबाबा को जल चढ़ाते हैं। इस दौरान यहां की आध्यात्मिक आभा देखने लायक होती है। बता दें कि इस मंदिर की कहानी रामायण काल से जुड़ी है। तो आइए जानते हैं भोलेनाथ को समर्पित इस फेमस मंदिर के बारे में पौराणिक कथाओं के मुताबिक रावण ने हिमालय पर जातक भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए घोर तपस्या की थी। जिसके बाद उसने एक-एक करके अपने 9 सिर काटकर शिवलिंग पर अर्पित कर दिए। जब रावण अपना आखिरी सिर काटने वाला था, तो भगवान शिव ने उससे प्रसन्न होकर वरदान मांगने के लिए कहा। तब रावण ने शिवलिंग को लंका में स्थापित करने की आज्ञा मांगी। भगवान शिव ने उसको लिंग देकर कहा कि इसको जहां भी रख दिया जाएगा, यह शिवलिंग वहीं स्थापित हो जाएगा। यह जानकर सभी देवता परेशान हो गए। क्योंकि रावण पहले से ही काफी ज्यादा शक्तिशाली था। अगर रावण वैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग को लंका ले जाकर स्थापित कर लेता तो उसकी शक्ति अधिक बढ़ जाती। वहीं रावण अपने घमंड और अभिमान में देवताओं के लिए खतरा बन जाता और दुनिया में अशांति और अराजकता का माहौल बना सकता है। भगवान श्रीहरि विष्णु को जब रावण की इस योजना का पता चला, तो उन्होंने रावण को शिवलिंग को लंका ले जाने से रोका। भगवान विष्णु ने वरुण देव को आदेश दिया कि वह रावण को शिवलिंग को लंका ले जाने से रोकें। जब रावण ज्योतिर्लिंग को लेकर रास्ते में था, तो उसको लघुशंका लगी। इस दौरान उसको एक ग्वाला दिखाई दिया। तब रावण ने उसको बुलाया और शिवलिंग थमा दिया और खुद लघुशंका के लिए चला गया। जब रावण वापस लौटा तो देखा कि ग्वाला शिवलिंग वहां रखकर कहीं चला गया।

इसके बाद रावण ने शिवलिंग को उठाने का बहुत प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हो सका। इधर ब्रह्मा, भगवान विष्णु और अन्य देवताओं ने आकर शिवलिंग की पूजा की। उस स्थान पर ज्योतिर्लिंग की प्रतिस्थापना की और शिव स्तुति करके वापस स्वर्ग चले गए। मान्यता है कि वैद्यनाथ-ज्योतिर्लिग मनोवांछित फल देने वाला है। इसलिए इस शिवलिंग को कामना लिंग भी कहा जाता है।

## टिप्स

### विटामिन बी12 की कमी से बचें

हमारे स्वास्थ्य के लिए विटामिन बी 12 की कमी काफी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है। शरीर में विटामिन बी 12 की कमी की वजह से कमजोरी, थकान, एनीमिया, याददाश्त कमजोर हसकती हैं। इसलिए जरूरी है कि आप विटामिन बी12 की कमी के कारणों को समझें और इसकी कमी से बचाव के लिए मदद ले सकें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किन कारणों से विटामिन बी 12 की कमी होने लगती है और इसकी कमी से बचने के लिए क्या बचाव के उपाय करने चाहिए।

**विटामिन-बी12 की कमी की वजह** : डाइट में विटामिन बी न होना
यह कमी उन लोगों में अधिक देखी जाती है, जोकि वेजिटेरियन या वीगन डाइट लेते हैं। विटामिन-बी12 नेचुरल सोर्स एनिमल बेस्ड प्रोडक्ट्स हैं, जैसे- मछली, मांस, डेयरी प्रोडक्ट्स, अंडे और दूध में पाया जाता है। ऐसे में जो लोग यह चीजें नहीं खाते हैं, तो उनके शरीर में विटामिन बी 12 का लेवल कम होने का जोखिम अधिक रहता है।

**विटामिन-बी12 का अब्जॉर्ब न होना** : यह एक बड़ा और सामान्य कारण है। अगर कोई व्यक्ति विटामिन-बी12 से भरपूर डाइट ले रहा है, लेकिन अगर आपका शरीर इसको अब्जॉर्ब नहीं कर पा रहा है, तो शरीर में इसकी कमी होना तय है। इसके पीछे सीलिएक डिजीज, पर्निशियस एनीमिया, क्रॉन डिजीज, या आंतों की कोई अन्य बीमारी हो सकती है, जोकि अब्जॉर्प्शन की प्रक्रिया में बाधा डाल सकती है। वहीं एक समस्या पेट में हाइड्रोक्लोरिक एसिड कम बनना भी हो सकती है। इसकी वजह से भी शरीर में विटामिन बी12 की कमी होने लगती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# पूजा समिति असामाजिक्व शरारती तत्वों के लोगों पर नजर बनाए रखेंगे : एसडीपीओ

संवाददाता



**साहिबगंज:**नगर थाना परिसर में दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनीं रहे इसको को लेकर एसडीपीओ किशोर तिर्की के नेतृत्व में शांति समिति कि बैठक आयोजित कि गई।बैठक में शांति समिति के सदस्य, पुजा समिति के सदस्य और शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए।बैठक के दौरान एसडीपीओ ने दुर्गा पूजा पर्व को लेकर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी पुजा समिति के लोग यह ध्यान रखें कि मेला के दौरान कोई बात विवाद ना हो सभी पंडालों में अग्निशमन सामग्री सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था रखें। सभी समिति लाइसेंस लेने के लिए जरूरी दस्तावेज जल्द से जल्द थाना में जमा करें। विसर्जन के दौरान रूट चार्ट के हिसाब से ही प्रतिमा को भ्रमण कराएं और निर्धारित समय पर प्रतिमा विसर्जन कर दें।वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहां कि दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मानना है। पूजा के दौरान हर गतिविधि पथ पैनी नजर बनाए रखेंगी पुलिस पूजा पंडालों के अलावा हर चौक चौराहा पर पुलिस बल सुरक्षा के दृष्टिकोण से तैनाती किया गई हैं।इस लिए सभी समिति और असामाजिक तत्व व शरारतीतत्वों के लोगों पर नजर बनाए रखेंगे किसी भी प्रकार का घटना दुघर्टना हो तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस पदाधिकारियों को देगें।उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर पुलिस टीम की पैनी नजर है किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट कमेंट करने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। पूजा पर्व के दौरान अभद्र गाना बजाएं जाने पर भी कार्रवाई होगी।साथ ही उन्होंने कहा कि जितने भी लाइसेंस धारी समिति है जल्द से जल्द अपना लाइसेंस निर्गत कर ले और सभी समिति के सदस्य अपना जरूरी कागजात थाना में जमा कर दें। डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। जितने भी साउंड बॉक्स विसर्जन के दौरान बजेगी सभी की लिस्ट एवं जितने भी वहां विसर्जन के दौरान वाहन जाएंगे सभी की सूची तैयार कर जल्द से जल्द थाना में प्रस्तुत करें।मौके पर पुलिस पदाधिकारी व शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

## हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

संवाददाता



साहिबगंज:मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों रात्रि में हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस कार्यालय में एसडीपीओ किशोर तिर्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी!उन्होंने बताया कि मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 सितंबर 2025 की रात्रि में जयंतीग्राम महादेवगंज निवासी स्वर्ग मुखलाल यादव का 40 वर्ष पुत्र राजकुमार यादव की निर्मम हत्या किसी अज्ञात अपराधियों के द्वारा गोली मारकर कर दी गई थी।इस संबंध में मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 92/25, दिनांक 12 सितंबर 2025, धारा 103 1 व भा० न्या० सं० 27आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। दर्ज कांड में अज्ञात अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहिबगंज के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम के द्वारा अप्राथमिकी अभियुक्त बिट्टू कुमार यादव उर्फ अहिरा यादव उम्र 20 वर्ष,पिता सुरेंद्र प्रसाद यादव,साकिन जयंतीग्राम महादेवगंज, थाना मुफ्फसिल,जिला साहिबगंज को विधिवत गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक देशी कट्टा को उनके घर के समीप बथान में छुपाए हुए स्थान से बरामद किया गया।अभियुक्त का पहले से भी ऐतिहासिक अपराध रहा है।पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।मौके पर छापामारी दल में पुनि अमित कुमार गुप्ता नगर थाना प्रभारी,पुअनि अनीश कुमार पांडे मुफ्फसिल थाना प्रभारी,पुअनि ददन कुमार,सअनि उमाकांत ओझा,सअनि केशव मालाकार,सअनि मनोज कुमार आजाद,सअनि वीरेंद्र कुमार यादव, सअनि अभ्यास कुमार,व अन्य सशस्त्र बल मौजूद थे।

## बाढ़ के पानी में डूबने से सदानंद मंडल की मौत

संवाददाता



**साहिबगंज:** सदर प्रखंड क्षेत्र के शोभनपुर गंगोता टोला में बाढ़ के पानी में डूबने से रविवार को 50 वर्षीय सदानंद मंडल पिता महेंद्र मंडल नामक व्यक्ति की मौत हो गई।जहां घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव ने तुरंत इसकी सूचना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस व सदर सीओ बासुकीनाथ टुडू को दी।वही मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस को घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों व स्थानीय ग्रामीणों से मामले की पूछताछ करने में जुटी हुई थी।उधर इस घटना से जिप उपाध्यक्ष के हृदय को काफी आहत पहुंचा और वे पूरे घटना की जानकारी लेने के लिए शोभनपुर गंगोता टोला पहुंचकर परिजनों से मिलकर राहत राशि के रूप में मृतक के परिजनों को नगद 10 हजार रुपए सहायता राशि उपलब्ध कराया।वही जिप उपाध्यक्ष ने एंबुलेंस सुविधा भी उपलब्ध कराते हुए उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजवाया।जहां जिप उपाध्यक्ष सुनील यादव ने जिला प्रशासन से अपील किया है कि जल्द से जल्द आपदा राहत कोष से मृतक के परिवार वालों को राहत पहुंचाई जाए।वही आपको बता दें कि जिले में इन दिनों गंगा नदी के जलस्तर में एक बार फिर से बढ़ोतरी होने के कारण कई दियारा इलाकों समेत अन्य ग्रामीण व शहरी इलाकों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसके कारण आमलोगों का जीना मुहाल हो गया है।उधर इस घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

## हिंदू धर्म रक्षा मंच को मजबूत करने के लिए जिला स्तरीय बैठक

संवाददाता




साहिबगंज:हिंदू धर्म रक्षा मंच के जिला स्तरीय बैठक राजमहल निरीक्षण भवन में जिला मंत्री नकुल बर्मन की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई।मंच का संचालन जिला मंत्री नकुल बर्मन ने किया!बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष एवं प्रदेश संयोजक संतोष तिवारी भी उपस्थित हुए।केंद्अध्यक्ष संत कुमार घोष ने बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहां की हिंदू धर्म रक्षा मंच को मजबूत करने के लिए जिला स्तरीय बैठक रखी गई है।हम सभी प्रमुख कार्यकर्ता होने के नाते यह जिम्मेदारी है कि हम जहां जिस गांव मोहल्ला में रहते हैं!वहां एक बैठक अवश्य होना चाहिए और जागरूक कर जोड़ने का प्रयास करना है।वहीं घोष ने कहा कि जिला स्तरीय बैठक जिला संयोजक के नेतृत्व में होनी चाहिए थी लेकिन जिला संयोजक की निष्क्रियता के कारण वैसे जिला संयोजक सहित जिला पदाधिकारी को पदमुक्त करने का निर्देश दिया।मंच के प्रदेश संयोजक संतोष तिवारी ने निष्क्रिय जिला संयोजक सहित अन्य जिला पदाधिकारी को पदमुक्त करते हुए और अब से जिला संयोजक कृष्णा कुमार घोष सुतियारपाड़ा जिला महामंत्री दिलीप कुमार राम कि घोषणा किया गया!बैठक में जिला के पदाधिकारियों सुरेश सहा बरहेट,तुषार सरकार श्रीधर,देवाशीष मंडल,पंकज मंडल जामनगर अचिन मंडल राधानगर,प्रभाष घोष,पिंटु मजुमदार,सिदाम वशु अशोक कुमार मंडल सहित अन्य पदाधिकारिगण उपस्थित थे ।

## आरपीएफ ने बरहरवा स्टेशन परिसर से चोरी के मोबाइल के साथ एक को किया गिरफ्तार

संवाददाता



साहिबगंज/बरहरवा:शनिवार को शाम 4:15 बजे से आरिपीएफ इंस्पेक्टर बड़हरवा संजीव कुमार हमराह ऑफिसर्स और स्टाफ उप निरीक्षक स्वपन मण्डल , सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार हांसदा,सिपाही झअजय कुमार , सिपाही झअनिल कुमार साह ,सभी रेलवे सुरक्षा बल,पोस्ट,बरहरवा और सहायक उप निरीक्षक रवि शंकर यादव और प्राधन आरक्षी नूपुर बरन मिदया अपराध शाखा,मालदा के साथ ,बरहरवा रेलवे स्टेशन क्षेत्र पर गशती के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों के ऊपर नजर रखे हुए थे। गश्ती के दौरान समय लगभग 4:15 बजे प्लेटफाम संख्या 01 के साहिबगंज छोर, फुट ओवर ब्रिज के पास पहुंचे तो देखा कि एक व्यक्ति संदिग्ध स्थिति मे यात्री शेड मे इधर-उधर घूम रहा था। इनलोगों को अपनी तरफ आते देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा ,बिना देर किए उसे चारों ओर से घेर कर उक्त संदिग्ध व्यक्ति को प्लेटफॉर्म संख्या 01 पर बने यात्री शेड के आस पास ही साहिबगंज छोर पर धर दबोचे। पकड़ाये गए संदिग्ध व्यक्ति से भागने का कारण पूछा गया तो उसने कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया और न ही रेलवे क्षेत्र में घुसने का कोई अधिकार पत्र दिखाया। आगे पूछने पर पकड़ाये हुए संदिग्ध व्यक्ति ने अपना नाम और पता का खुलासा किया की अजय साहा उम्र- 24 वर्ष पिता- सवर्गीय बबलू साहा साकिन- कालितला ,बंगालीपाड़ा, बरहरवा थाना-बरहरवा जिला साहिबगंज झारखंड बताएं तथा पकड़ाये गए व्यक्ति के शरीर एवं कपड़े के तलाशी लेने हेतु आस-पास एकत्रित व्यक्तियों से स्वतंत्र साक्षी बनने हेतु अनुरोध किया गया लेकिन, कोई व्यक्ति गवाह बनने के लिए तैयार नही हुआ। तत्पश्चात गस्ति दल में शामिल बल सदस्य, उ0/सहजाद अंसारी, ल्उ/ स्वपन कुमार मण्डल; को स्वतंत्र साक्षी मानते हुए पकड़ाए गए व्यक्ति का बिधिवत तलाशी लेने पर अजय साहा (उम्र 24 वर्ष), के पहने हुए हल्का रंग के हरे पैंट के दाहिने पॉकेट से एक नीले रंग का ११ी कम्पनी का स्क्रीन टच मोबाइल फोन खुला अवस्था मे, बिना सिम कार्ड का जिसका एलएमईएल नंबर, 869187036057730 , 869187036057722 था। पकड़ाये गए संदिग्ध व्यक्ति के पास से बरामद मोबाइल फोन के संबंध में पूछने पर उसने बताया कि उक्त मोबाइल फोन बरहरवा स्टेशन में प्लेटफॉर्म न.-01, पार्सल साइड के फुट ओवर ब्रिज के नीचे यात्री शेड मे सोये हुवे यात्रि के पास से ही दिनांक 08.09.2025 को रात्री समय लगभग 01.00 बजे चोरी किया थो तत्पश्चात उक्त बरामद मोबाइल फोन को उपस्थित गवाहों के समक्ष तलाशी सह जप्ति सूचि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता कानून का विधिवत पालन करते हुए समय 4:15 बजे जप्त किया गया।

## ट्रेन से साहिबगंज व मिजोरम अब जुड़ गया है : अनंत ओझा



संवाददाता

साहिबगंज:रविवार को ट्रेन नंबर 02057 सायरंग आनंद विहार साप्ताहिक राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन के मिजोरम से साहिबगंज पहुंचें पर इसका भव्य स्वागत किया गया।भाजपा राजमहल पूर्वविधायक अनंत ओझा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने ट्रेन पर पुष्प वर्षा की।ड्राइवर व रेल कर्मियों को फूल माला पहनाकर उन्हें मिठाई खिलाई। विधायक ने कहा कि इस ट्रेन के जरिये साहिबगंज अब मिजोरम से अब जुड़ गया।उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।मौके पर नगर अध्यक्ष संजय पटेल,धर्मेंद्र कुमार,रामानंद साह,गौतम यादव,अनंत सिन्हा,मनोज पासवान, कुंदन साह,दिनेश पांडे,संतोष चौधरी, डब्लू ओझा,अर्देन्दू बोस,विक्की ठाकुर, विक्रम दास सहित अन्य थे।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान साहिबगंज में प्रारंभिक तैयारियां पूरी

संवाददाता



**साहिबगंज:** सिविल सर्जन साहिबगंज डॉ. रामदेव पासवान ने अनुमण्डलीय अस्पताल राजमहल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने ओपीडी रजिस्टर,आईपीडी रजिस्टर, मरीज वार्ड, प्रसव कक्ष, एस.एन.सी.यू. कक्ष, उपस्थिति पंजी एवं अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित उपाधीक्षक, चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित करने पर बल दिया।सिविल सर्जन महोदय ने निरीक्षण के दौरान आगामी ह्लस्वस्थ नारी झ्र सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 की तैयारियों की समीक्षा भी की। उन्होंने जिला स्तरीय उद्घाटन कार्यक्रम सहित सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए।अभियान की प्रमुख विशेषताएँ यह विशेष अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने, परिवार को सशक्त बनाने और राष्ट्र के स्वास्थ्य परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यह पहल 8वें राष्ट्रीय पोषण माह एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से भी जुड़ी है। महिला स्वास्थ्य जाँच एवं सेवाएँ,ई.एन.टी., नेत्र, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं दंत जांच,कैंसर स्क्रीनिंग मुख, स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा,टीकाकरण सेवाएँ,गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच,एनीमिया स्तर की जाँच,क्षय रोग टीबी जांच,सिकल सेल एनीमिया जांच,मानसिक स्वास्थ्य हेतु टेली-मैनस सुविधा,विशेष चिकित्सकीय परामर्श, स्वस्थ जीवनशैली एवं वेलनेस,चीनी एवं तेल की खपत में 10% कमी,स्थानीय एवं क्षेत्रीय खाद्य पदार्थों का प्रोत्साहन,शीशु एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी प्रथाओं पर जागरूकता,मासिक धर्म स्वच्छता एवं पोषण जागरूकता,टेक होम राशन का वितरण स्वास्थ्य सेवाओं तक आसान पहुँच,मदर एवं चाइल्ड प्रोटेक्शन कार्ड वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में नामांकन,आयुष्मान वय वंदना कार्ड वितरण,सिकल सेल कार्ड वितरण,पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों का पंजीकरण, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी,रक्तदान शिविर,निक्षय मित्र स्वयंसेवक पंजीकरण,अंगदान हेतु पंजीकरण,सुविधाओं की उपलब्धता महिलाएँ एवं बच्चे इन सेवाओं का लाभ अपने निकटतम आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आंगनवाड़ी केन्द्रों से प्राप्त कर सकते हैं।स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण, परिवार सशक्तिकरण एवं स्वस्थ भारत निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बरकट्ठा लौटे जानकी यादव कार्यकताओं ने किया फूल- मालाओं से स्वागत



**कोडरमा/मेट्रो रेज संवाददाता :** गिरिडीह से बरकट्ठा आवास लौटते समय झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव का झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन के नेताओं-कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान मरकच्चो, तेतरोन चौक, पिपचो चौक, तिलोकरी, छुतहरी, कटिया- जतघघरा बाजार और पचफेड़ी चौक सहित कई स्थानों पर उन्हें फूल-मालाओं से अभिनंदित किया गया। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और इंडिया गठबंधन की सरकार द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे. जनता की सेवा ही मेरा संकल्प है। उन्होंने बताया कि वे राज्य के सभी जिलों का दौरा कर स्थितियों का मूल्यांकन कर रहे हैं, जिसकी रिपोर्ट बाद में सरकार को सौंपी जाएगी। बहुत जल्द निकाय चुनाव को लेकर शुभ संदेश मिलने का संकेत भी दिए. मौके पर उन्हें कई मांगों से जुड़े ज्ञापन भी सौंपे गए।

### दुर्गा पूजा का पर्व सभी क्षेत्रवासी धूमधाम से मनाएं : किशोर तिर्की

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना परिसर में रविवार को दुर्गा पूजा पर्व को लेकर एसडीपीओ किशोर तिर्की के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस पदाधिकारी के साथ शांति समिति के सदस्य व शहर के गण्यमान बुद्धिजीवी व पूजा समिति के सदस्य शामिल हुए।वही थाना प्रभारी शशि सिंह ने कहा की दुर्गा पूजा का पर्व सभी क्षेत्रवासी धूमधाम से मनाए।किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान ना दें साथ ही सौहार्द बिगाड़ने वाला कोई भी खबर, तस्वीर, पोस्ट आदि सोशल मीडिया के माध्यम से फॉरवर्ड ना करें।उन्होंने सभी से कहा कि जिस तरह से आप सभी हर पर्व में सहयोग देते रहे हैं। इस बार भी सभी के सहयोग की आवश्यकता है।इसी दौरान उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट करते हुए विभिन्न समस्याओं से पदाधिकारी को अवगत कराया। जहां थाना प्रभारी ने हर संभव समस्याओं को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने समिति के लोगों से अपील करते हुऐ कहा की जितने भी पूजा समिति हैं। लाइसेंस के लिए कागजी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरा कर ले और अपने निर्धारित रूप चार्ट से ही जुलूस को विसर्जन के लिए लेकर जाएं।

### मारपीट का शिकार घायल युवक पहुंचा सदर अस्पताल



साहिबगंजः-मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत कमल दाहा ग्राम निवासी भैया हेंब्रम उम्र 40 वर्ष को बीती रात्रि अब्बू हेंब्रम के द्वारा मारपीट करने का मामले प्रकाश में आया है इस संबंध में सदर अस्पताल में भर्ती भैया हेंब्रम ने बताया कि हमलोग बैठे हुए थे की अचानक से अब्बू हेंब्रम के द्वारा हम पर हमला कर दिया जिससे दाहिना आंख के ऊपर चोट आ गई तो आनन फानन में परिजनों के द्वारा घायल अवस्था में किसी तरह जान बचाकर मिजाचौकी थाना पहुंचे!जहां मिजाचौकी थाना प्रभारी के द्वारा इलाज हेतु देर रात्रि जिला सदर अस्पताल भेजा गया।इलाज करने के बाद डॉक्टर के द्वारा दवा भी दी गई जबकि इस संदर्भ में मारपीट को लेकर मिजाचौकी थाना प्रभारी के द्वारा प्राथमिक दर्ज कर मामले की छानबीन करना शुरू कर दिया गया है.वही पुलिस ने कहा कि अपराधी जो भी हो उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अरहर की खेती का किया निरीक्षण



**साहिबगंज:**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अंतर्गत किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु आज राजमहल प्रखंड के कसबा पंचायत में किसानों द्वारा की जा रही अरहर की खेती का निरीक्षण किया गया।इस निरीक्षण कार्यक्रम में एग्री क्लीनिक राजमहल के कृषि समन्वयक श्री निकेश कुमार एवं जेएसएलपीएस राजमहल के बीपीएम श्री राजेश कुमार उपस्थित रहे। दोनों पदाधिकारियों ने खेतों का भ्रमण कर किसानों से संवाद स्थापित किया और उन्हें अरहर की उन्नत खेती तकनीकों समय पर कीट रोग नियंत्रण, और वैज्ञानिक पद्धति से कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की।निरीक्षण के दौरान किसानों को बीज चयन, सिंचाई प्रबंधन व आधुनिक कृषि पद्धतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, ताकि अधिक उपज प्राप्त कर वे आत्मनिर्भर बन सकें। अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर स्थानीय किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और अरहर की खेती से भविष्य में अधिक उत्पादन एवं आय बढ़ाने की उम्मीद जताई।

### ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी और शहरी स्थानीय निकाय का संगठनिक विस्तार पर बैठक

साहिबगंजःप्रखंड क्षेत्र के बरहरवा निशा मैरिज हॉल में शाम पांच बजे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के राजू,प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम सहित अन्य नेता ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी और शहरी स्थानीय निकाय का संगठनिक विस्तार पर बैठक करेंगे। इसकी जानकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान ने दी. उन्होंने बताया कि इस बैठक में बरहरवा प्रखंड के पांच पंचायत आहुतग्राम, महाराजपुर, हरिहरा,श्रीकुंड एवं बटाईल पंचायत कमेटी एवं प्रखंड कमेटी,मंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष एवं वार्ड अध्यक्ष मौजूद रहेंगे।

# 4500 एपिसोड का सफर पूरा कर 'तारक मेहता' ने बनाया रिकॉर्ड

टीवी मनोरंजन की दुनिया में अगर लोकप्रिय धारावाहिकों का जिक्र किया जाए तो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का नाम सबसे आगे आता है। शुरूआत से ही इस शो ने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। बीच-बीच में विवादों के बावजूद इसकी लोकप्रियता कभी कम नहीं हुई, और इसकी टीम ने हमेशा कमाल का काम किया है। अब इस शो ने इतिहास रच दिया है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत का सबसे लंबे समय तक चलने वाला सिटकॉम बन गया है। साल 2008 में निमार्ता असित मोदी द्वारा शुरू किया गया यह शो लगातार 17 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। हाल ही में इसने 4,500 एपिसोड पूरे कर एक नया मील का पत्थर छू लिया है। यह उपलब्धि न सिर्फ भारतीय टेलीविजन में इसकी विरासत को और मजबूत करती है, बल्कि वह पारिवारिक संस्कृति भी आगे बढ़ाती है जिसने सालों से बच्चों, बड़ों और बुजुर्गों, हर पीढ़ी को एक साथ जोड़कर रखा है।




**जश्न में जुटा 'तारक मेहता' परिवार**

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने जब 4,500 एपिसोड पूरे किए तो इस खास मौके को मनाने के लिए शो का पूरा परिवार एक साथ आया। जश्न का मकसद उन सभी को सम्मान देना था, जिन्होंने शुरूआत से अब तक पर्दे के पीछे शो को संभाला है। लेखकों, तकनीशियनों, सेट डिजाइनरों से लेकर प्रोडक्शन स्टाफ तक, हर उस सदस्य की मेहनत को सराहा गया, जिसने लगभग दो दशकों से इस शो की लोकप्रियता बरकरार रखी। मौके पर निमार्ता असित मोदी ने पूरी टीम के साथ केक काटा और खुशियां शेयर कीं। निमार्ता असित मोदी ने कहा, ये सफलता सिर्फ हमारी टीम की नहीं, बल्कि उन सभी लोगों की है जो शुरू से हमारे साथ जुड़े रहे। असली ताकत वही लोग हैं, जिनकी वजह से यह शो आज इतना आगे बढ़ पाया है। हमने उनकी मेहनत और समर्पण का सम्मान करते हुए जश्न मनाया। मैं अपने कलाकारों, टीम और सबसे बढ़कर दर्शकों का दिल से शुक्रगुजार हूं, क्योंकि उन्हीं की बदौलत हम यहां तक पहुंचे हैं।₹ गौरतलब है कि 'तारक मेहता' के सफर में कई कलाकार आए और गए, लेकिन शो की लोकप्रियता साल दर साल और मजबूत होती चली गई।

**गिनीज बुक में दो बार दर्ज हुआ नाम**

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिर्फ दर्शकों के दिलों में ही नहीं, बल्कि रिकॉर्ड बुक्स में भी अपनी खास जगह बना चुका है। शो का नाम अब तक दो बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो चुका है। साल 2021 में इसे भारत का सबसे लंबे समय तक चलने वाला सिटकॉम होने का गौरव मिला। इसके बाद 2 जुलाई 2022 को जब शो ने 3,500 एपिसोड पूरे किए, तब एक बार फिर गिनीज बुक में इसका नाम शामिल किया गया। यही नहीं, इससे पहले लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी इस शो ने अपना झंडा गाड़ा था।



# प्राइम वीडियो के चैट शो में साथ दिखेंगी काजोल-ट्विंकल खन्ना, टीजर रिलीज

ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो अपने दर्शकों के लिए एक नया और दिलचस्प शो लेकर आ रहा है। लंबे इंतजार के बाद आखिरकार टॉक शो 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। इस शो की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसकी मेजबानी दो लोकप्रिय अभिनेत्रियां, काजोल और ट्विंकल खन्ना करेंगी। दोनों अपनी बुद्धिमत्ता, चुटीले अंदाज और बेबाक बातों के लिए जानी जाती हैं।

**टीजर ने बढ़ाया उत्साह :** रिलीज हुए टीजर में काजोल और ट्विंकल की मजेदार झलक ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। प्राइम वीडियो ने टीजर शेयर करते हुए लिखा, ₹जब बुद्धि और नटखटपन मिलते हैं, तो नतीजा होता है, टू मच।₹ इसी टैगलाइन ने शो के अंदाज और मस्ती का पूरा संकेत दे दिया है। 'टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल' का प्रीमियर 25 सितंबर 2025 को अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। शो में फि ल्म इंडस्ट्री की कई जानी-मानी हस्तियाँ मेहमान बनकर आएँगी और काजोल-ट्विंकल के साथ हंसी-मजाक से भरी खुली बातचीत करेंगी।

**पहले एपिसोड में दिखेंगे स्टार्स :** शो की शुरूआत ही धमाकेदार होने वाली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पहले एपिसोड में बॉलीवुड के दो बड़े स्टार, सलमान खान और आमिर खान नजर आ सकते हैं। दोनों के साथ काजोल और ट्विंकल की बेबाक बातचीत, दर्शकों के लिए एंटरटेनमेंट से भरपूर अनुभव होगा।



# कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की 'तू मेरी मैं तेरा..' की रिलीज डेट बदल गई

कार्तिक आर्यन जल्द ही कई बहुप्रतीक्षित फिल्मों में दिखने वाले हैं, जिनमें से एक है 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी'। इस फिल्म में उनके साथ अनन्या पांडे भी नजर आएंगी। रोमांस और कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म पहले अगले साल वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब रिलीज डेट बदल दी गई है। अच्छी खबर यह है कि दर्शक इसे तय समय से पहले ही, इसी साल दिसंबर में सिनेमाघरों में देख पाएंगे। करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही यह फिल्म अब 31 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निमार्ताओं ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी नई रिलीज डेट की घोषणा की है। फिल्म में कार्तिक और अनन्या के साथ जैकी श्रॉफ भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर समीर विद्वांस इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, जबकि करण जौहर के साथ उद्योगपति से निमार्ता बने आदर पूनावाला ने भी इसमें निवेश किया है। कार्तिक और अनन्या के फैंस के लिए नए साल की शुरूआत बेहद खास होने वाली है, क्योंकि फिल्म की रिलीज उनकी शाम को और यादगार बना देगी। इस रोमांटिक कॉमेडी में नीना गुप्ता, महिमा चौधरी, मुश्ताक खान और गौरव पांडे भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। गौरतलब है कि यह फिल्म पहले 13 फरवरी, 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे तय समय से पहले दर्शकों के बीच लाया जा रहा है। बीते दिनों यूरोप में फिल्म की शूटिंग जारी थी, जहां से कार्तिक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था और फैंस ने उस पर खूब प्यार बर साया।

# सिडनी में विहिप संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों ने वाल्मीकि रामायण का किया मंचन

**सिडनी :** न्यू साउथ वेल्स स्थित विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) संस्कृत विद्यालय के युवा विद्यार्थियों ने भारत की पुरातन शास्त्रीय भाषा यानी संस्कृत में वाल्मीकि रामायण के सभी छह कांडों का मंचन कर इतिहास रच दिया। यह अभूतपूर्व सांस्कृतिक उपलब्धि सिडनी के रीजेंसी फंक्शन सेंटर में विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान हासिल हुई। भारतीय शास्त्रों, पुराणों एवं धर्म ग्रंथों का धार्मिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक और ऐतिहासिक प्रभाव सनातन काल से ही दुनिया भर के देशों में रहा है, लिहाजा आज भी तमाम देशों में इनका समय-समय पर किसी न किसी रूप में प्रदर्शन एवं मंचन होता ही रहता है। इसी कड़ी में ऑस्ट्रेलिया में न्यू साउथ वेल्स के सिडनी स्थित विहिप संस्कृत विद्यालय के छात्रों चयन किया गया। विद्यालय की प्रत्येक शाखा के विद्यार्थियों को वाल्मीकि रामायण के एक-एक कांड प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी।



वाल्मीकि रामायण के इस ऐतिहासिक मंचन में पंद्रह वर्ष से कम आयु के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सिडनी के रीजेंसी फंक्शन सेंटर में विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान बच्चों ने वाल्मीकि रामायण का मंचन करके वहां उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी शाखाओं के छात्रों ने इस प्राचीन महाकाव्य के सभी छह कांडों का मंचन संस्कृत भाषा में किया। संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों ने वालमीकि रामायण के जिन छह कांडों का मंचन किया, उनमें बाल कांड - भगवान राम की दिव्य उत्पत्ति और बचपन की कथा, अयोध्या काण्ड - वनवास और पुत्र-कर्तव्य की मार्मिक कथा, अरण्य काण्ड - वन जीवन के कष्ट और सीता का हरण, किष्किन्धा काण्ड - सुग्रीव से मित्रता और हनुमान का पराक्रम, सुन्दर काण्ड - हनुमान की लंका की वीर यात्रा, लंका काण्ड - चरमोत्कर्ष युद्ध और अधर्म पर धर्म की शाश्वत विजय शामिल रहे।

इस अवसर पर स्कूल के अनुभवी समन्वयकों की देखरेख में छात्रों ने प्रामाणिक पारंपरिक वेशभूषा और साज-सज्जा के साथ भाषाई सटीकता के साथ प्रदर्शन किया, जिससे महाकाव्य की सांस्कृतिक भव्यता झलकती है। ऑस्ट्रेलिया सरकार के न्यू साउथ वेल्स शिक्षा विभाग ने संस्कृत सीखने और सांस्कृतिक भागीदारी में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सात छात्रों को सम्मानित किया। विहिप संस्कृत विद्यालय के सात छात्रों को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए, जिनमें गंभीर शास्त्री को मंत्री पुरस्कार, प्रहर्ष राव को अत्यधिक प्रशंसित पुरस्कार, लक्ष्य प्रदीप को अत्यधिक प्रशंसित पुरस्कार, मनसा चिराग भटनागर को प्रशंसित पुरस्कार, प्रणति बसवनहल्ली प्रशांत को योग्यता पुरस्कार, देविका मिदिगेसी को योग्यता पुरस्कार तथा रचित राज को योग्यता पुरस्कार दिया गया।

विहिप संस्कृत विद्यालय के समन्वयक और विहिप ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय महासचिव अकिला रामरथिनम ने कहा कि यह देखकर बहुत खुशी होती है कि हमारी युवा पीढ़ी हमारी सनातन संस्कृति तथा पुरातन भाषा की महान विरासत को ऑस्ट्रेलिया में भी संरक्षित और प्रसासिरत कर ही है। यह उपलब्धि सांस्कृतिक निरंतरता और भक्ति का एक ज्वलंत उदाहरण है।

न्यू साउथ वेल्स शिक्षा विभाग की ओर से संस्कृत के सामुदायिक भाषा विद्यालय के रूप में मान्यता प्राप्त विहिप संस्कृत विद्यालय, द पॉन्ड्स, कार्लिंगफोर्ड, होमबुश, नुवारा, टूनगैबी और वेतारा में छह केंद्र संचालित करता है। यह संस्था युवाओं में संस्कृत की शिक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। संसार की विभिन्न भाषाओं के उच्चकोटि के महाकाव्यों में महर्षि वाल्मीकि प्रणीत रामायण का स्थान सर्वोच्च है। वाल्मीकि रामायण में जिस आस्तिकता, धार्मिकता, प्रभुभक्ति, उदात्त एवं दिव्य भावनाओं और उच्च नैतिक आदर्शों का वर्णन मिलता है, वह अन्यत्र दुर्लभ है।

# मेरा दिमाग शायद जरूरत से ज्यादा तेज चल रहा था : फोबे लिचफील्ड

**न्यू चंडीगढ़ :** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड ने रविवार को भारत के खिलाफ पहले वनडे में शानदार पारी खेली। नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स को 'द हंड्रेड' महिला टी-20 टूनामेंट का खिताब जिताने के महज पखवाड़े भर बाद लिचफील्ड ने 88 रन (80 गेंद, 14 चौके) की दमदार पारी खेली। हालांकि शतक से वह 12 रन दूर रह गईं। लिचफील्ड ने मैच के बाद कहा, ₹आज मैंने सबसे बड़ा सबक यही सीखा कि मेरा दिमाग शायद जरूरत से तेज चल रहा था। 50 ओवर का खेल लंबा होता है और इसमें समय लेकर पारी बनाने की जरूरत होती है। लेकिन हमें आक्रामक क्रिकेट भी खेलना है, इसलिए इस बीच संतुलन बनाना होगा। उन्होंने स्वीकार किया कि वानखेड़े (जनवरी 2024) में बने शतक के बाद भारत में यह उनका दूसरा शतक हो सकता था, लेकिन स्नेह राणा के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेलते हुए वह चूक गईं।



मैच के बाद लिचफील्ड ने कहा, ₹मैंने खेल को आगे बढ़ाने की कोशिश की और शायद रिवर्स शॉट पर ज्यादा ध्यान दे बैठी।₹ इस दौरान उन्होंने कप्तान एलिस पेरी और बेथ मूनी के साथ बल्लेबाजी के अनुभव को भी साझा किया। उन्होंने कहा, ₹उनके साथ खेलना बेहद आसान हो जाता है। कभी-कभी मेरा दिमाग तेज चलता है, लेकिन वे शांत और अनुभवी खिलाड़ी हैं। वे मुझे सही दिशा देती हैं और खुद भी शानदार बल्लेबाजी करती हैं। गर्म और उमस भरे हालात में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को संघर्ष करना पड़ा। एलिस पेरी को पिंडली में ऐंठन के कारण 38 गेंद खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा, जबकि एनाबेल सदरलैंड को भी बीच में आराम करना पड़ा। लिचफील्ड ने कहा, ₹यहां की गर्मी और नमी चुनौतीपूर्ण है। हमने थोड़ी बहुत गर्मी के अनुकूलन की कोशिश की थी, लेकिन शरीर हमेशा साथ नहीं देता। बता दें कि मैच में भारतीय महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 281 रन बनाए थे, जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 44.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया और 8 विकेट से जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलियाई टीम अब दो दिन के आराम के बाद 17 सितम्बर (बुधवार) को न्यू चंडीगढ़ में ही दूसरा वनडे खेलेगी।

# फिडे ग्रैंड स्विस 2025 : महिला वर्ग में वैशाली संयुक्त बढ़त पर, प्रज्ञानानंद की कैंडिडेट्स उम्मीदों को झटका

एजेंसी

**समरकंद (उज्बेकिस्तान) :** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. वैशाली ने पूर्व विश्व चैंपियन मारिया मुजिचुक (यूक्रेन) को पराजित कर फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूनामेंट के महिला वर्ग में 10वें और अंतिम से पहले दौर के बाद संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। वैशाली को पता था कि जीत ही उन्हें कैंडिडेट्स की दौड़ में बनाए रख सकती है। उन्होंने शुरूआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। सिसिलियन डिफेंस के स्वेश्निकोव वेरिएशन में खेलते हुए वह कुछ समय मुश्किल में पड़ीं, लेकिन दबाव में मारिया से हुई गलतियों का फायदा उठाते हुए वैशाली ने 42 चालों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत से वैशाली 7.5 अंकों के साथ यूक्रेन की कतेरीना



लाग्नो के साथ संयुक्त बढ़त पर पहुंच गईं। इनके ठीक पीछे चीन की झोंगयी तान, युशिन सॉन्ग और कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा 7-7 अंकों के साथ पीछा कर रही हैं। यदि वैशाली अंतिम दौर में ड्रॉ भी करती हैं तो कैंडिडेट्स स्थान की उनकी संभावनाएं काफी मजबूत हो जाएंगी। वहीं, ओपन वर्ग में भारतीय खिलाड़ियों की उम्मीदों को झटका लगा। अर्जुन एरिगैसी ने चीन के यू यांगयी से ड्रॉ खेला, जबकि निहाल सरीन भी उज्बेकिस्तान के नादिरबेक अब्दुसत्तारोव को रोकने से आगे नहीं बढ़ सके। आर. प्रज्ञानानंद की कैंडिडेट्स में जगह बनाने की राह इस टूनामेंट से लगभग खत्म हो गई, क्योंकि उन्हें अमेरिका के हांस मोके नीमन से हार झेलनी पड़ी। ओपन वर्ग में अब अलिरेजा फिरोजजा (फ्रांस), जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम और विंसेंट केमर, हॉलैंड के अनीश गिरी और नीमन 7-7 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। भारतीय खेमे में कैंडिडेट्स में जगह बनाने की सबसे मजबूत संभावना अब भी प्रज्ञानानंद की ही है, क्योंकि वह वर्षभर के प्रदर्शन के आधार पर क्वालीफाई करने की स्थिति में बने हुए हैं।

# केन विलियमसन, डेवोन कॉनवे समेत पांच खिलाड़ी एनजेडसी के कैजुअल अनुबंध पर सहमत

ऑकलैंड : न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सोमवार को पुष्टि की कि टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन और डेवोन कॉनवे सहित लॉकी फर्ग्यूसन, फिन एलेन और टिम सैफर्ट ने 2025-26 सीजन के लिए कैजुअल प्लेइंग एग्रीमेंट (अनौपचारिक अनुबंध) पर सहमति जताई है। इस समझौते के तहत खिलाड़ी वैश्विक फ्रेंचाइजी क्रिकेट लीगों में भाग ले सकेंगे, लेकिन साथ ही न्यूजीलैंड की हाई-परफॉर्मेंस प्रणाली से जुड़े रहेंगे। उन्हें कोचिंग, मेडिकल और मानसिक कौशल सहयोग के साथ-साथ जिम और क्रिकेट सुविधाओं की भी सुविधा मिलेगी। इन पांचों खिलाड़ियों ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई है। हालांकि, अनुबंध की शर्तों के अनुसार




उन्हें टूनामेंट से पहले तय संख्या में सीरीज और मैचों के लिए उपलब्ध रहना होगा। विलियमसन ने आगामी 1 अक्टूबर से माउंट माउंगानुई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज से खुद को अनुपलब्ध घोषित कर दिया है। वहीं, फिन एलेन चोट के कारण सीरीज से बाहर रहेंगे। चैपल-हैडली सीरीज के लिए टीम का ऐलान बुधवार को किया जाएगा। एनजेडसी के सीईओ स्कॉट वीनींक ने कहा, ह्वविश्व कप जैसे बड़े टूनामेंट से पहले हम चाहते थे कि हमारे सर्वश्रेष्ठ टी-20 खिलाड़ी तैयार और उपलब्ध रहें। कैजुअल अनुबंध खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता को दशार्ता है और बदले में एनजेडसी उन्हें हमारी पूरी हाई-परफॉर्मेंस सुविधा मुहैया कराएगा। उन्होंने आगे कहा कि खिलाड़ियों का संदेश साफ है—ब्लैककैप्स के लिए खेलना उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

# परेशान न हों, इलाज में मदद करेगी सरकार : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान प्रदेश भर से आये हर पीड़ित के पास पहुंचे, शिकायतें सुनीं और समाधान का आश्वासन दिया। 'जनता दर्शन' में 50 से अधिक लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। रायबरेली से आये किडनी व हर्ट के मरीज को सीएम योगी आदित्यनाथ ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के निर्देश दिए।



### किडनी, हृदय के मरीज को भिजवाया मेडिकल कॉलेज

'जनता दर्शन' में रायबरेली के थाना खीरो के ग्राम बरवलिया के एक युवक भी पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनके पिता किडनी-हृदय व यूरिन की बीमारी से पीड़ित हैं। प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने में अब आर्थिक दिक्कत आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने इलाज के लिए अस्पताल से एस्टीमेट भी मंगवाने को कहा।

### हर जरूरतमंद को इलाज में निरंतर आर्थिक सहायता

'जनता दर्शन' में इलाज के लिए आर्थिक सहायता के लिए कई फरियादियों ने प्रार्थना पत्र दिया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी से कहा कि सरकार हर जरूरतमंद मरीज को इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है। आप भी अस्पताल से एस्टिमेट बनवाकर भिजवाएं। आपके इलाज के खर्च की चिंता सरकार करेगी। सरकार विगत 8 वर्ष से हर जरूरतमंद को निरंतर आर्थिक सहायता उपलब्ध करा रही है।

### नन्हे-मुन्नों को भी दुलारा, दी चॉकलेट

'जनता दर्शन' में कई फरियादियों के साथ बच्चे भी आए, जिन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुलार भी किया। नन्हे-मुन्नों के सिर पर हाथ फेर अपनत्व का अहसास कराया। सीएम योगी ने सभी बच्चों को चॉकलेट-टॉफी भी प्रदान की।

## मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ लेने को 105 का आया आवेदन



**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ पाने के लिए 105 लोगों ने आवेदन किया है ?। यह जानकारी सोमवार को मत्स्य विभाग के मुख्यकार्यकारी विवेक तिवारी ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की योगी सरकार मछुआरा समाज की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित मत्स्य विभाग की योजनााओं के अतिरिक्त योगी सरकार मत्स्य सम्पदा योजना को शुरू किया है। इस वित्तीय वर्ष में प्रयागराज के सभी मत्स्य परिक्षेत्र से कुल 105 आवेदन आए हैं ??। आगे की वैधानिक कार्रवाई के लिए प्रक्रिया डीएलसी की बैठक होने के बाद जिनके प्रोजेक्ट पास होंगे, उसके बाद योजना का लाभ दिया जाएगा।

## बिहार में दो दिनों से हो रही है बारिश, 13 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी

**पटना :** बिहार में उमस भरी गर्मी के बाद मानसून का असर दो दिनों से जारी है रविवार से शुरू हुई लगातार बारिश से पूरे राज्य को गर्मी से राहत मिली है। सोमवार को भी हालात जस के तस बने हुए हैं। पटना समेत गया, भोजपुर, मुंगेर, समस्तीपुर, किशनगंज जैसे कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी है। भारतीय मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि अगले पांच दिनों तक यह सिलसिला जारी रहेगा, जिससे नदियों का जलस्तर बढ़ने और बाढ़ का खतरा गहरा गया है। उमस भरी गर्मी से तो राहत मिली, लेकिन अब जलजमाव और यातायात की समस्याएं सिरदर्द बन गई हैं। आईएमडी की मानें तो पूर्वोत्तर बांग्लादेश और असम के ऊपर बना चक्रवाती तंत्र तथा बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर एरिया ने बिहार के मौसम को पूरी तरह हिला दिया है। समुद्र से आने वाली नमी के कारण बारिश का यह दौर 20 सितंबर तक जारी रह सकता है। मौसम विभाग ने 13 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है, जहां अति भारी वर्षा की आशंका है। इनमें किशनगंज, अररिया, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, वैशाली, सारण, समस्तीपुर, खगड़िया प्रमुख हैं। वहीं पटना, मुंगेर, भोजपुर, बेगूसराय और शेखपुरा में भी मध्यम से भारी बारिश जारी रहेगी। वज्रपात होने का खतरा सबसे ज्यादा उत्तर और दक्षिण बिहार के ग्रामीण इलाकों में है।

## रायपुर : छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव आज से दो दिवसीय गुजरात दौरे पर

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव आज सोमवार से गुजरात प्रवास पर रहेंगे । इस दौरान वे शिक्षा और विज्ञान से जुड़े प्रमुख संस्थानों का दौरा करेंगे और अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। शिक्षा मंत्री के कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव आज दिल्ली होते हुए अहमदाबाद पहुंचेंगे और वहीं से भास्कराचार्य अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू-सूचना विज्ञान संस्थान का भ्रमण करेंगे। 16 सितम्बर को वे विजिटर ऑफ शिक्षा समीक्षा केंद्र और स्कूल का दौरा करेंगे तथा राज्य के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। 17 सितम्बर को वे अहमदाबाद से रायपुर वापस लौटेंगे। इस दौरे का उद्देश्य गुजरात में शिक्षा क्षेत्र में हो रहे नवाचारों एवं तकनीकों का अध्ययन करना और उन्हें छत्तीसगढ़ की शिक्षा व्यवस्था में लागू करने की संभावनाओं पर विचार करना है।

# हिमाचल में भूस्खलन से 598 सड़कें और तीन नेशनल हाइवे बंद, कांगड़ा में मलबे की चपेट में आया प्रवासी परिवार

एजेंसी

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश कहर बरपा रही है। सोमवार तड़के कांगड़ा जिला के जवाली क्षेत्र में अस्पताल के पास भूस्खलन की घटना हुई, जिसमें एक प्रवासी परिवार मलबे में दब गया। इस हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं और जगह-जगह भूस्खलन की घटनाएं सामने आ रही हैं। मौसम विभाग ने सोमवार दोपहर तक कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और शिमला, सोलन, कुल्लू, चंबा व सिरमौर में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं 16 सितंबर को कई स्थानों पर अंधड़ और बिजली गिरने के साथ बारिश का येलो अलर्ट रहेगा। 17 से 21



सितंबर तक हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई गई है, हालांकि इस दौरान कोई अलर्ट नहीं होगा। बीती रात से सुबह तक सबसे अधिक 56 मिलीमीटर बारिश मंडी जिले के जोगिंद्रनगर में दर्ज की गई। पालमपुर में 48, पंडोह में 40 और कांगड़ा में 34 मिलीमीटर वर्षा हुई है। भारी वर्षा के चलते प्रदेशभर में यातायात और बिजली-पानी की व्यवस्था चरमराई हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार सोमवार सुबह तक प्रदेश में तीन नेशनल हाइवे और कुल 598 सड़कें बंद हैं। इनमें कुल्लू जिले में एनएच-03 और एनएच-305 सहित 172 सड़कें, मंडी में 201, शिमला में 57, कांगड़ा में 46, चंबा में 29, सिरमौर में 21, बिलासपुर में 18 और ऊना जिले में एनएच-503ए व 20 सड़कें शामिल हैं। इसके अलावा राज्य में 500 बिजली ट्रांसफार्मर और 184 पेयजल योजनाएं ठप हो गई हैं। मंडी में सबसे अधिक 314 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं जबकि शिमला में 49 पेयजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। मॉनसून की तबाही का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार अब तक 404 लोगों की मौत हो चुकी है, 462 लोग घायल हुए हैं और 41 लोग लापता हैं। जिला स्तर पर सबसे अधिक 61 मौतें मंडी में हुई हैं। कांगड़ा में 55, चंबा में 50, कुल्लू में 44 और शिमला में 43 लोगों की जान गई है। भारी बारिश और आपदा से 1,440 मकान पूरी तरह जमींदोज हो गए हैं जबकि 6,007 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसके अलावा 485 दुकानें और 6,036 गौशालाएं भी ढह चुकी हैं। पशुधन को भी भारी नुकसान हुआ है। अब तक 2,094 पशुओं और 26 हजार से अधिक पोल्ट्री पक्षियों की मौत दर्ज की गई है। सरकारी रिपोर्ट के अनुसार इस मॉनसून सीजन में हिमाचल प्रदेश को सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान के रूप में 4,489 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति हुई है। लोक निर्माण विभाग को सड़कों और पुलों के टूटने से सबसे अधिक नुकसान हुआ है। अब तक राज्यभर में 140 भूस्खलन, 97 फ्लैश फ्लड और 46 बादल फटने की घटनाएं दर्ज की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में हिमाचल के आपदा प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर चुके हैं। उन्होंने कांगड़ा में आपदा प्रभावितों से मुलाकात की और राज्य को 1,500 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की। इसके अलावा केंद्र सरकार के कई राज्य मंत्री भी चंबा, मंडी और कुल्लू जिलों का दौरा कर राहत कार्यों और नुकसान का जायजा ले रहे हैं। इन दौरों के बाद वे प्रधानमंत्री को आपदा से जुड़े हालात की विस्तृत रिपोर्ट सौंपेगी।

# 16 दिवसीय सोरहिया मेले के समापन के बाद लक्ष्मीकुंड पर स्वच्छता अभियान चला

नमामि गंगे ने काशी के पौराणिक कुंडों- तालाबों- पोखरों - सरोवरों को संरक्षित रखने का किया आवाह्न

एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 16 दिवसीय सोरहिया मेले के समापन के बाद सोमवार को लक्ष्मी कुंड पर नमामि गंगे और नगर निगम कर्मियों ने स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के बीच काशी के पौराणिक कुंडों और तालाबों के संरक्षण की अपील भी की गई। कार्यकताओं व कर्मचारियों ने लक्ष्मी कुंड पर बिखरी गंदगी को साफ कर सामाजिक दायित?वों को निर्वहन किया। इस दौरान पितृपक्ष के मातृ नवमी पर आत्मनिर्भर भारत की कामना से माता लक्ष्मी की आरती उतारकर श्री समृद्धि की कामना की गई। इसके बाद जीवित्पुत्रिका व्रत, सोरहिया मेले के



बाद लक्ष्मी कुंड में इधर-उधर बिखरे निर्माल्य एवं सामग्रियों को बटोर कर नगर निगम की कूड़ा गाड़ी के हवाले किया। श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई पॉलिथीन , केमिकल युक्त मूर्तियां एवं अन्य गंदगियों को कुंड परिसर से बाहर निकाला। लक्ष्मी कुंड के आसपास नगर निगम के कर्मचारियों के साथ सफाई की। नमामि गंगे के राजेश शुक्ला ने बताया कि सनातनी संस्कृति के जन्म से लेकर मृत्यु तक के आयोजन पवित्र नदियों, कुंडों, तालाबों, पोखरों और सरोवर के किनारे होते हैं। हमारे जीवन में जल की महत्ता को समझ कर स्वच्छता की जिम्मेदारी का निर्वहन भी हमें स्वयं को करना होगा। पवित्र नदियों जलाशयों के किनारे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के बाद बचे हुए निर्माल्य व सामग्रियों को हम छोड़कर न जाएं जिससे कि इनके किनारे गंदगी का अंबार न लगे। अभियान में नगर निगम सुपरवाइजर विक्की कुमार, अमित कुमार आदि भी मौजूद रहे।

## मुर्शिदाबाद में बम बनाते समय धमाका, एक घायल

**कोलकाता :** मुर्शिदाबाद जिले के रानीनगर इलाके में रविवार रात बम बनाने के दौरान जोरदार धमाका हो गया। इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चार लोग मिलकर कच्चा बम बना रहे थे। इसी दौरान एक बम अचानक फट गया और उनमें से एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायल युवक को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तीन अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है।

## समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों की आवाज बनकर खड़े रहे बाबू जी श्याम लाल यादव : नटवर

एजेंसी

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम के उपाध्यक्ष नटवर गोयल ने कहा कि स्वर्गीय बाबू जी श्याम लाल यादव की 99 वीं जयंती के पावन अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन करता हूं। बाबू जी सदैव समाज के वंचित, शोषित और कमजोर वर्गों की आवाज बनकर खड़े रहे। उनके संघर्षों और योगदान ने सामाजिक न्याय की अलख जगाई, जो आज भी हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। वाराणसी में मैदागिन स्थित पराड़कर भवन के गर्दे सभागार में आयोजित स्वर्गीय बाबू जी श्याम लाल की जयंती समारोह में मुख्य वक्ता रहे नटवर गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। समारोह में स्वर्गीय बाबू जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें



श्रद्धापूर्वक स्मरण किया एवं उपस्थित गणमान्यजनों को संबोधित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। नटवर गोयल ने कहा कि श्रद्धेय बाबू जी को जयंती पर शत-शत नमन है। वाराणसी का प्रबुद्ध वर्ग उन्हें प्रेम से बाबूजी कहता था और यही कारण है कि आज भी उन्हें जानने वाला बच्चा-बच्चा बाबूजी ही कहता है। उनके जीवन में तमाम कठिनाइयों के बावजूद शिक्षा एवं रोजगार को लेकर पीड़ा रहती थी।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में मामूली गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार आज शुरूआती घंटे के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच दबाव में कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होने लगी। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.05 प्रतिशत और निफ्टी 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से



बजाज फाइनेंस, बजाज ऑटो, लार्सन एंड टूब्रो, कोल इंडिया और एनटीपीसी के शेयर 1.95 प्रतिशत से लेकर 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, श्रीराम फाइनेंस और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 1.59 प्रतिशत से लेकर 0.80 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,522 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,608 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 914 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 18 शेयर हरे निशान में और 32 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 20.81 अंक की मामूली तेजी के साथ 81,925.51 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 81,998.51 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 81,821.85 अंक तक गोता भी लगाया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 42.99 अंक की कमजोरी के साथ 81,861.71 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 4.90 अंक की सांकेतिक उछाल के साथ 25,118.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान होने लगी, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी उछल कर 25,138.45 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये 25,070 अंक तक फिसल भी गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद निफ्टी 29.10 अंक की गिरावट के साथ 25,084.90 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 355.97 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,904.70 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 108.50 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की उछाल के साथ 25,114 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

न्यूज IN ब्रीफ

## कार की चपेट में आने से टहलने निकले बुजुर्ग की मौत

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया नी के दिबियापुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा होगा गया। दिबियापुर नगर सेहुद के पास जनता महाविद्यालय के निकट 82 वर्षीय बुजुर्ग रामकृष्ण मिश्रा सुबह टहलने के लिए निकले थे। इसी दौरान एक अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। रामकृष्ण मिश्रा दिबियापुर नगर के निवासी थे और हर रोज की तरह सुबह सैर पर निकले थे। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना पाकर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक रामकृष्ण मिश्रा के दो बेटे हैं जो इस समय बाहर हैं। परिवार में इस दुर्घटना से कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने बताया कि परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में सुबह-शाम तेज रफ्तार वाहन अक्सर आते-जाते रहते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। वहीं, पुलिस ने अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और लापरवाह ड्राइविंग को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आसपास के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सुबह-शाम गश्त बढ़ाई जाए ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## मणिपुर के चुराचांदपुर में फिर भड़की हिंसा, कुकी-जो नेताओं के घर जलाए

**चुराचांदपुर (मणिपुर) :** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में 14 सितंबर की रात एक बार फिर हिंसा भड़क उठी। अज्ञात उपद्रवियों ने कई कुकी-जो नेताओं के आवासों को निशाना बनाया। हमले के दौरान कुकी नेशनल ऑर्गेनाइजेशन (केएनओ) के एक्सटर्नल सेक्रेटरी कैल्विन का घर पूरी तरह आग की लपटों में घिर गया। इसी रात समझौते से जुड़े एक अन्य नेता का आवास भी जला दिया गया। यह घटना उस समय हुई, जब 12 सितंबर को सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में दो लोगों की गिरफ्तारी को लेकर जिले में भारी विरोध-प्रदर्शन हुआ था। यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित राज्य यात्रा से ठीक पहले सामने आया। उपद्रवियों ने कुकी-जो कोऑर्डिनेशन कमिटी (केजैडसी) और इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) के प्रवक्ता गिन्जा वुआलजोंग के आवास को भी निशाना बनाया, हालांकि स्थानीय लोगों और युवाओं की तत्परता से यहां आगजनी की कोशिश विफल कर दी गई। घटनास्थल पर तुरंत सुरक्षा बल और सेना के जवान पहुंच गए तथा इलाके की घेराबंदी कर दी। बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रशासन ने पूरे चुराचांदपुर में निगरानी कड़ी कर दी है ताकि हालात और न बिगड़ें।

## गंगारामपुर अवैध लोटो और ऑनलाइन जुआ कांड में शिक्षक समेत दो गिरफ्तार

**दक्षिण दिनाजपुर :** गंगारामपुर पुलिस ने अवैध लोटो और ऑनलाइन जुआ चक्र का भंडाफोड़ करते हुए एक शिक्षक और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शिक्षक का नाम अपूर्व सरकार है, जो 2011 से नया बाजार उच्च विद्यालय में विज्ञान विभाग के शिक्षक के रूप में कार्यरत था। उसका सहयोगी कुणाल दास भी गंगारामपुर का निवासी है। रविवार शाम पुलिस ने अपूर्व के ससुराल में छापेमारी कर भारी मात्रा में नकदी बरामद की। नोट गिनने के लिए मशीन लाई गई है और सूत्रों के अनुसार, वहां से लगभग एक करोड़ रुपये मिलने का अंदेशा है। अब तक करीब 7 लाख रुपये बरामद हो चुके हैं और पुलिस की तलाशी जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 27 अगस्त को गंगारामपुर में अवैध लोटो और ऑनलाइन लॉटरी के खिलाफ अभियान चलाकर मुख्य सरगना पिंटू घोष को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में अपूर्व सरकार और कुणाल दास का नाम सामने आया। इसके बाद से अपूर्व फरार था। अंततः शनिवार को गंगटोक से दोनों को गिरफ्तार किया गया और रविवार को उन्हें गंगारामपुर महकमा अदालत में पेश किया गया। अदालत ने दोनों को 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। गंगारामपुर महकमा पुलिस अधिकारी दीपांजन भट्टाचार्य ने बताया, ह्लपहले ही इस अवैध लॉटरी मामले में एक व्यक्ति को पकड़ा गया था। उसी से पूछताछ में अपूर्व और कुणाल का नाम सामने आया। अब तलाशी में भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई है। जांच अभी जारी है। दूसरी ओर, नया बाजार उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोजाम्मेल हुसैन ने कहा कि 27 अगस्त से अपूर्व सरकार बिना कोई सूचना दिए स्कूल आना बंद कर चुका था। बाद में पुलिस ने स्कूल आकर उसके बारे में जानकारी ली और पता चला कि वह अवैध लॉटरी के कारोबार से जुड़ा हुआ है। प्रधानाध्यापक ने आगे कहा, ह्लशनिवार को पुलिस ने हमें फोन पर सूचित किया कि अपूर्व सरकार गिरफ्तार हो चुका है। इसलिए स्कूल प्रबंधन से कहा गया है कि उसकी किसी भी छुट्टी को मंजूरी न दी जाए। एक शिक्षक होकर ऐसे अवैध कारोबार से जुड़े रहना बेहद शर्मनाक है।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच कारोबार होता रहा। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। डाउ जॉन्स करीब पौने तीन सौ अंक की गिरावट का शिकार हो गया। इसी तरह एफ एंड पी 500 इंडेक्स ने 0.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,584.29 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, नैस्डेक 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,141.10 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच कर बंद हुआ। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 45,873.95 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 9,283.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह डीएएक्स इंडेक्स ने 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 23,698.15 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 7,825.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। एशिया के 9 बाजार में से 5 के सूचकांक मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.19 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 25,164 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.29 प्रतिशत फिसल कर 25,401.58 अंक के स्तर तक गिर गया है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.04 प्रतिशत टूट कर 4,342.42 अंक के स्तर पर और सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक गिरावट के साथ 1,293.48 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

न्यूज IN ब्रीफ

## जया आस्था ने परिजन, शहर और राज्य का नाम गौरवान्वित किया



**ज्योति पाठक :** जया आस्था ने एम ए राजनैतिक विज्ञान शास्त्र में प्रथम श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जगन्नाथपुर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर पिता विकास मिश्रा एवं माता श्रीमती अनीता मिश्रा के बेहतर मार्गदर्शन में जमशेदपुर के महिला विश्व विद्यालय में स्नातकोत्तर में अपने प्रतिभा का परचम लहराया है। साऊथ इस्टन रेलवे इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल में प्रथम श्रेणी से मैट्रिक और इंटर की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास कर विद्यालय और चक्रधरपुर रेल मंडल का नाम गौरवान्वित किया था। इससे पूर्व भी जया आस्था ने जमशेदपुर महिला महाविद्यालय से स्नातक में अव्वल आकर अपने मेधावीपन का परचम लहराया। आगे की पढ़ाई के बारे में जया आस्था ने बताया कि यू पी एस सी के साथ साथ पीएचडी करने का उद्देश्य भी उनके लक्ष्य में शामिल है। घर में शिक्षा के माहौल और प्रेरणा ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया और वो अव्वल रहीं। विदित हो कि जया के बड़े बड़े भाई हर्ष मिश्रा दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल से गोल्ड मेडल पाकर सभी को गौरवान्वित किया था तथा छोटे भाई यश भारद्वाज भी इंटर की परीक्षा में 90.6% लाने के साथ साथ अंग्रेजी विषय में सौ में से निन्यानवे अंक लाकर अव्वल रहे हैं।

इस प्रकार से जया आस्था ने राजनीति विज्ञान शास्त्र में अपनी अव्वलता और सफलता से परिजनों के साथ साथ विश्व विद्यालय और शहर का नाम गौरवान्वित किया है।

## टाटा टिनप्लेट यूनियन ने दी सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील टिनप्लेट डिवीजन से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को टाटा टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन की ओर से उपहार एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया. कर्मचारियों ने इस दौरान अपने अनुभवों को साझा किया. यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के सुखमय जीवन की कामना की. कार्यक्रम का संचालन यूनियन के उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल ने किया. कार्यक्रम में यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, परविंदर सिंह सोहल, मनोज कुमार सिंह, साइ बाबू राजू, वकील खान, जगजीत सिंह, संजय कुमार सिंह, अमित कुमार झा, निरंजन महापात्र, विनय कुमार साहू, संग्राम किशोर दास, सूर्यभूषण शर्मा, मुन्ना खान, कलाम नबी खान, राकेश कुमार दिलबागी समेत कई आदि मौजूद थे.

## राष्ट्रीय पदक लेकर लौटे सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर का रेलवे में स्वागत

**जमशेदपुर :** रेल मंत्रालय से आपदा प्रबंधन एवं अन्य कार्यों के लिए राष्ट्रीय अवार्ड लेकर लौटने पर सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार का कर्मचारियों ने स्टेशन पर एवं विभागों में स्वागत किया।रेलवे सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर संतोष कुमार टाटानगर के न्यू इलैक्ट्रिक लोको शेड कर्मचारी है। इससे वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता विनोद कुमार संतोष कुमार की सेवा कार्य के साथ रेल कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक और प्रशिक्षित करने के प्रयास की सराहना की है। वहीं, संतोष कुमार को राष्ट्रीय अवार्ड मिलने के उत्साह में कर्मचारियों के बीच लड्डू वितरण किया गया।

## ग्राहक पंचायत ने रासायनिक खेती के खतरों पर चिंता जताई

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत कोल्हान प्रमंडल की महत्वपूर्ण बैठक तुलसी भवन बिष्टूपुर में हुई। कार्यक्रम दो सत्र में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें कोल्हान प्रमंडल के सभी कार्यकर्ता, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां जिले के चयनित सदस्य उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि केंद्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस ने कहा कि अर्थव्यवस्था का केंद्र ग्राहक है और उसकी संतुष्टि के बिना विकास संभव नहीं। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, भ्रामक विज्ञापन, बोतल बंद पानी और रासायनिक खेती के खतरों पर चिंता जताई। साथ ही उपभोक्ता शिकायत निवारण के लिए मोबाइल ऐप एलसीएच और हेल्पलाइन 1915 सहित विभिन्न माध्यमों की जानकारी दी।

क्षेत्रीय संगठन मंत्री शिवाजी क्रांति ने जिउतिया उपवास के बावजूद उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया। बैठक में तीनों जिलों की कार्यकारिणी के समन्वय, नई जिम्मेदारियों के बंटवारे और आगामी अभियानों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन वी. प्रभु ने किया। अतिथियों का परिचय अनीता शर्मा ने, स्वागत प्रांत अध्यक्ष कल्याणी कबीर ने किया।

## धनबाद होकर रांची से जयनगर के बीच चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

**धनबाद :** रांची से धनबाद होकर जयनगर के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन चलेगी। 18 अक्तूबर से एक नवंबर के बीच ट्रेन हर शनिवार को रांची से और 19 अक्तूबर से दो नवंबर तक हर रविवार को ट्रेन जयनगर से चलेगी। सोमवार की सुबह से ट्रेन में बुकिंग शुरू हो सकती है। ट्रेन में स्लीपर, थर्ड एसी और सेकंड एसी की बोगियां जोड़ी जाएंगी। 08105 रांची-जयनगर पूजा स्पेशल ट्रेन रांची से रात 9.25 बजे रवाना होगी। ट्रेन रात 12.05 बजे बोकारो, रात 12.53 बजे चंद्रपुरा, रात 1.23 बजे कतरास, रात 2.10 बजे धनबाद रुकते हुए राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस की रूट से चलते हुए दोपहर 3.15 बजे जयनगर पहुंचेगी।

## जदयू का संपर्क समस्या समाधान अभियान डिमना बस्ती में

**जमशेदपुर :** जनता दल (यूनाइटेड) उलीडीह थाना समिति की ओर से डिमना बस्ती में संपर्क समस्या समाधान अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व थाना क्षेत्र अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने किया।अभियान में जदयू जिला सचिव विकास साहनी, शंकर बनर्जी, मनोज गुप्ता, संजय सिंह, विजेंद्र सिंह, मनोज ओझा, राहुल तिवारी, परविंदर राम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकताओं ने बस्तीवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।स्थानीय लोगों ने सड़क की खराब हालत, नालियों की सफाई की कमी, स्ट्रीट लाइट, पेयजल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, जर्जर विद्युत तार और कचरा प्रबंधन जैसी प्रमुख समस्याओं को उठाया।

# झारखंड में कांग्रेस को मजबूत करने संथाल पहुंचे के राजू, जिला अध्यक्षों के साथ करेंगे समीक्षा बैठक

संवाददाता

**देवघर :** झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू सोमवार को देवघर पहुंचे. कांग्रेस कार्यकताओं ने एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया और के. राजू जिंदाबाद के नारे लगाए. के. राजू संथाल क्षेत्र में पार्टी को सशक्त बनाने के लिए समीक्षा बैठक करेंगे. साथ ही पार्टी कार्यकताओं से मुलाकात भी करेंगे.

जिला अध्यक्षों के साथ करेंगे समीक्षा बैठक

मीडिया से बात करते हुए के. राजू ने कहा कि कांग्रेस झारखंड की सभी सीटों पर मजबूत प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. उन्होंने बताया कि वह संथाल क्षेत्र के सभी जिला अध्यक्षों के साथ एक समीक्षा बैठक करेंगे. इसके बाद वह पूरे राज्य के नेताओं के साथ मिलकर पार्टी को मजबूत करने की दिशा में व्यापक चर्चा करेंगे.

कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने एसआईआर (रक्फ़) के खतरे को देखते हुए बूथ स्तर के एजेंटों को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्षों से मिलने के बाद वह ग्रामीण स्तर पर बूथ लेवल की बैठक भी करेंगे. फिलहाल वह देवघर एयरपोर्ट से सीधे संथाल के पाकुड़, साहिबगंज, दुमका और गोड्डा जिलों का दौरा करेंगे और वहां के पार्टी कार्यकताओं से राय लेंगे.



मणिपुर मामले पर पीएम मोदी को घेरा

प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे पर टिप्पणी करते हुए के. राजू ने कहा कि नरेंद्र मोदी को मणिपुर जाने में 2 साल लग गए. लेकिन जब मणिपुर जल रहा था तो राहुल गांधी तुरंत वहां पहुंचे थे. उन्होंने बीजेपी और पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लोग अपनी जरूरत के हिसाब से जनता के पास जाते हैं. लेकिन कांग्रेस हमेशा जनता के हित और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी. इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय दुबे, जिला अध्यक्ष उदय प्रकाश, मुन्नम संजय, दिनेश मंडल सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मौजूद थे.

### मनातू मुठभेड़ के बाद पुलिस की बड़ी कामयाबी

# 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर एक और पर इनाम की तैयारी




बिनय मिश्रा

**पलामू :** बीते 3 सितंबर को पलामू के मनातू थाना क्षेत्र में पुलिस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) के बीच हुई मुठभेड़ में दो जवान शहीद हुए थे, जबकि एक जवान घायल हो गया था।

घटना के बाद से ही पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने इलाके में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया था। पलामू पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों – जोनल आईजी सुनील भास्कर और पलामू रेंज के डीआईजी नौशाद आलम – ने झारखंड जगुआर और कोबरा बटालियन के अधिकारियों के साथ लगातार बैठकें कर नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखी थी।

इसी रणनीति का परिणाम रविवार को देखने को मिला, जब पलामू पुलिस और जगुआर टीम एवम कोबरा बटालियन की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर 5 लाख के इनामी नक्सली मुखदेव यादव को ेल्लं३४ स्त्र२ ी ्ल्लॅ' र्श्ें्रेल्ल मुठभेड़ में मार गिराया।डीआईजी आलम ने बताया कि यह नक्सल उन्मूलन अभियान में बड़ी सफलता है।

उन्होंने खुलासा किया कि प्रतिबंधित संगठन टीएसपीसी के फरार सब-जोनल कमांडर उमेश सिंह खेरवार उर्फ नगीना जी उर्फ डॉक्टर जी पर भी 5 लाख का इनाम घोषित करने की अनुशंसा की गई है। यह नक्सली गढ़वा जिला अंतर्गत डंडई थाना क्षेत्र के ग्राम झलंगी का निवासी है और लंबे समय से संगठन में सक्रिय है।

डीआईजी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जिस प्रकार झारखंड जन मुक्ति परिषद (खखटढ) के सभी नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और उनके सुप्रीमो पप्पू लोहरा का खात्मा हुआ, उसी तरह टीएसपीसी के 10 लाख का इनामी शशिकांत गंझू और अन्य नक्सली भी 31 मार्च 2026 से पहले आत्मसमर्पण कर दे, अन्यथा उनका भी वही अंजाम होगा जो आज मुखदेव यादव का हुआ और पूर्व में पाप्पू लोहरा का हुआ था।

डीआईजी नौशाद आलम ने नक्सलियों को संदेश दिया पुलिस की गोली खाने से बेहतर है कि आत्मसमर्पण नीति के तहत सरेंडर कर घर-परिवार के साथ खुशहाल जीवन जिएं।

## संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में शिक्षक दिवस पर हुआ भव्य आयोजन



संवाददाता

**सिमडेगा :** संत जेवियर कॉलेज, सिमडेगा में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस अवसर पर फादर ब्रूनो टोप्पो समेत प्रो. अमित कुमार गुप्ता, प्रो. अनामीका रुंडा और प्रो. लिपिका सुबीर उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ और उपहार भेंट कर शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों द्वारा दीप प्रज्वलन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।

छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, गीत, कविता पाठ और नाटक के माध्यम से उन्होंने गुरुजनों के महत्व और उनके मार्गदर्शन की भूमिका को उजागर किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपने प्रिय शिक्षकों को उपहार और पुष्प देकर सम्मानित किया।डॉ फादर ब्रूनो टोप्पो ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज के दर्पण होते हैं। वे विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।वहीं अन्य प्रोफेसरों ने भी छात्रों को शिक्षा और अनुशासन का महत्व समझाया।इस मौके पर विभिन्न खेल भी आयोजित की गई,कार्यक्रम का संचालन छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से किया और अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।शिक्षक दिवस का यह आयोजन गुरु-शिष्य संबंध को और मजबूत करने वाला साबित हुआ। इसमें भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं ने कहा कि इस दिन ने उन्हें अपने शिक्षकों के प्रति और अधिक सम्मान तथा कृतज्ञता का भाव सिखाया।

### 20 वी मेजर ध्यानचंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप

# महिला वर्ग की चैंपियन रोज व पुरुष वर्ग में सिमडेगा टीम रहा

संवाददाता

**सिमडेगा :** 29 अगस्त से 14 सितंबर कुल 17 दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला के पुरुष वर्ग में 32 और महिला वर्ग में 16 कुल 48 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 88 मैच=महिला वर्ग में 24 लीग मैच सहित कुल 32 मैच जबकि पुरुष वर्ग में 48 लीग मैच सहित कुल 56 मैच खेले गए महिला वर्ग के 32 मैच में 119 गोल एवं पुरुष वर्ग के 56 मैच में 268गोल कुल 387 गोल हुए।

पुरुस्कार वितरण समारोह में मुख्य अथिति पुलिस अधीक्षक सिमडेगा एम अर्शी सपरिवार उपस्थित होकर विजेता, उपविजेता टीमों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किए

पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में की शुरूवात माननीय विधायक सिमडेगा श्री भूषण बड़ा, निदेशक खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड श्री शेखर जामुवार,मेजर ध्यान चंद अवार्ड से सम्मानित भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुश्री सुमराए टेटे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराया।

राष्ट्रीय खेल दिवस सह हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस के अवसर पर हॉकी सिमडेगा एवम जिला खेलकूद विभाग सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में सिमडेगा के माननीय विधायक श्री भूषण बड़ा के आर्थिक सहयोग और जय टेंट सिमडेगा के सहयोग से 29 अगस्त से 14 सितंबर 2025 तक एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम सिमडेगा में आयोजित 20वी मेजर ध्यानचंद सिमडेगा जिला स्तरीय सीनियर पुरुष एवम महिला हॉकी चैंपियनशीप 2025 में महिला वर्ग में उडए रोज विजेता ,उडए ईस्ट विन उपविजेता और मिनी शक्ति नारी टीम तृतीय स्थान प्राप्त की जबकि पुरुष वर्ग में उडए सिमडेगा विजेता, लिटिल टाइगर उपविजेता और रळउ सिमडेगा तृतीय स्थान प्राप्त की।

प्रतियोगिता के आज 17 वे दिन महिला वर्ग का फाइनल मैच उडए फ्दरए बनाम उडए एअरळ हक्ठ के बीच खेला गया जिसमे उडए रोज टीम 4=0 गोल से जीतकर विजेता बनी। जबकि तीसरे और चौथे स्थान के लिए मिनी शक्ति नारी टीम और लोबोई के बीच खेला गया जिसमे मिनी शक्ति नारी टीम 4=0 गोल से जीत कर हासिल तृतीय स्थान प्राप्त की।

पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में उडए सिमडेगा ने लिटिल टाइगर को 3=1 गोल से पराजित कर विजेता बनी ,तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में रळउ सिमडेगा ने संत स्कूल सामटोली इ को पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त की।

प्लेयर ऑफ द मैच रीना कुल्लू, विनीत टोप्पो, अर्पण बड़ा,शिफा को दिया गया जबकि इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नमेंट इभा अंजली डुंगडुंग को दिया गया।



29 अगस्त से 14 सितंबर कुल 17 दिनों तक चले इस प्रतियोगिता में सिमडेगा जिला के पुरुष वर्ग में 32 और महिला वर्ग में 16 कुल 48 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 88 मैच खेले गए। जिनमे महिला वर्ग में 24 लीग मैच सहित कुल 32 मैच तथा पुरुष वर्ग में 48 लीग मैच सहित कुल 56 मैच खेले गए।प्रतियोगिता के महिला वर्ग के 32 मैच में 119 गोल एवं पुरुष वर्ग के 56 मैच में 268गोल कुल 387 गोल हुए

आज फाइनल के दिन मुख्य रूप से विधायक सिमडेगा श्री भूषण बड़ा, निदेशक खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग श्री शेखर जामुवार, ध्यानचंद अवार्ड सम्मान प्राप्त भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सुमराय टेटे,खेल विभाग के समन्वयक श्री देवेन्द्र सिंह, मणिकांत जी, जिला खेल पदाधिकारी श्री मनोज कुमार,कोच सुधीर गोला,

सुशीला लकड़ा , सुनील तिर्की, साधु मलुवा, सिलबेस्टर बघवार सहित काफी काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सिमडेगा एम अर्शी जी सपरिवार मैदान में बैठकर खेल का आनंद लिए और खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज का मैच देखकर मुझे लगा इस आयोजन का स्तर राष्ट्रीय स्तर का था यहा के खिलाड़ियों में हर पोजीशन में प्रतिभाशाली है

आयोजन को सफल बनाने में हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, पंखरासियुस टोप्पो, कमलेश्वर मांझी, बसंत बा, राहुल मिंज, कुनुल भेंगरा,करिश्मा परवार, रोहित बेसरा, फ्लेबियस तिर्की,सुजीत एक्का, वेद प्रकाश, कोच तारिणी कुमारी, एक्शन कीड़ों, तालिम तिग्गा, नेहा कुमारी, मनीषा एक्का, अनिसा कुल्लू, बेरतीला केरकेट्टा, जॉनशन लकड़ा, सुशीला कुजूर, मनसुख सुरीन , सहित हॉकी सिमडेगा के समस्त पदाधिकारियों के साथ सदर अस्पताल की मेडिकल टीम भी अपना पूरा सहयोग कर रही है।